फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 38, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 05 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### जवानों ने गलवान घाटी में खेला क्रिकेट, जवानों ने एलएसी के पास किया सर्वेक्षण

## सेना ने गलवान घाटी में बढ़ाई सुरक्षा





**नई दिल्ली/लद्दाख:** गलवान घाटी में भारत ने फिर चौकसी बढ़ा दी है। गलवान घाटी के पास तैनात भारतीय सेना के फॉर्मेशन ने घोड़ों और खच्चरों पर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास के क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया। इस दौरान भारतीय सेना ने पैंगोंग झील पर हाफ मैराथन जैसी गतिविधियां भी की।

**जवानों ने गलवान घाटी में खेला क्रिकेट:** इससे पहले भारतीय सेना के जवानों ने गलवान घाटी के पास क्रिकेट खेला था। उनका क्रिकेट खेलते हुए एक वीडियो भी सामने आया था। बता दें कि इस क्षेत्र में तैनात भारतीय सेना के फॉर्मेशन इन ऊंचाई वाले स्थानों पर अत्यधिक सर्दियों में विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। बताते चलें कि पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में 15 जून 2020 को भारतीय और चीन के सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। अब एक बार फिर भारतीय सेना इस इलाके में सुरक्षा को लेकर पैनी नजर रख रही है।

लेह स्थित सेना की 14 कॉर्प्स ने ट्वीट किया, "पटियाला ब्रिगेड, त्रिशूल डिवीजन ने शून्य से नीचे तापमान में अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में पूरे उत्साह और जोश के साथ क्रिकेट मैच का आयोजन किया, हम असंभव को संभव बनाते हैं।" हालांकि, सेना ने इस स्थान का खुलासा नहीं किया, लेकिन यह जगह पेट्रोलिंग प्वाइंट 14 से लगभग 4 किलोमीटर दूर है। गलवान घाटी की यह वही जगह है, जहां 15/16 जून, 2020 को चीनी सेना ने भारत के जवानों पर विश्वासघात कर हमला किया था। इस हमले में 20 भारतीय जवान शहीद हो गए थे और चीन ने काफी समय बाद माना कि इस संघर्ष में उसके भी 5 जवान मारे गए थे।

**पूर्वी लद्दाख में चीन और भारत के बीच मई, 2020 से गतिरोध चल रहा:** हालांकि, पूर्वी लद्दाख में चीन और भारत के बीच मई, 2020 से गतिरोध चल रहा है, लेकिन गलवान घाटी की घटना के बाद तनाव और बढ़ा, जिसकी वजह से सीमा पर दोनों देशों के हजारों सैनिक तैनात हैं और कई बार विवाद की भी स्थिति पैदा हुई है।

पूर्वी लद्दाख सीमा पर जिस जगह भारतीय सेना के जवानों ने क्रिकेट खेली, वह स्थान भारत और चीन की ओर से आमने-सामने के टकराव से बचने के लिए बनाए गए बफर जोन से अच्छी खासी दूरी पर है। दोनों देशों की सेनाओं ने टकराव से बचने के लिए अपनी-अपनी तैनाती से 1.5 किलोमीटर पीछे हटने का फैसला किया है, इसलिए यह स्थान बफर जोन में तब्दील हो गया है।

### भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर रहने की जरूरत : सीडीएस

**नई दिल्ली:** दिल्ली में चल रही रायसीना डायलॉग की बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने रूस-यूक्रेन युद्ध के संबंध में अहम बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में जारी जंग से भारतीय सशस्त्र बल यह सबक सीख सकते हैं कि उन्हें हथियारों और सैन्य उपकरणों की आपूर्ति के लिए अन्य देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। रायसीना डायलॉग की बैठक में जनरल चौहान ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए सरकार की पहल बड़ी संख्या में प्रमुख उपकरण और हथियार प्रणालियों का उत्पादन करने का विकल्प प्रदान कर रही हैं।

'हमें आत्मनिर्भर होने की जरूरत': रायसीना डायलॉग की बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कहा कि हमें आत्मनिर्भर होने की जरूरत है। यह हमारे लिए यूक्रेन युद्ध से सबसे बड़ा सबक है। हम अपने हथियारों के लिए दूसरे देशों से आने वाली आपूर्ति पर निर्भर नहीं रह सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम संघर्ष से यही एक बड़ा सबक सीखते हैं। जनरल चौहान ने यह टिप्पणी एक सवाल का जवाब देते हुए की है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह का विचार था कि आधुनिक वक्त में युद्ध छोटे और तीव्र होंगे लेकिन हम जो यूक्रेन में देख रहे हैं वे लंबा युद्ध है।

## तमिलनाडु के श्रम मंत्री ने मजदूरों पर हमले की खबर को बताया झूठ



**तमिलनाडु:** तमिलनाडु के कई इलाकों में बिहार के लोगों के साथ हुई कथित मारपीट का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। बिहार विधानसभा में मचे हंगामे के बीच तमिलनाडु के श्रम कल्याण और कौशल विकास मंत्री सीवी गणेशन ने एक बयान जारी कर मामले को झूठा बताया है। तमिलनाडु के श्रम कल्याण और कौशल विकास मंत्री सीवी गणेशन ने दावा किया कि सोशल मीडिया पर फैलाई गई खबर में कोई सच्चाई नहीं है। दरअसल, तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में उत्तर भारत के मजदूरों पर हमला होने की खबरें वायरल हैं। मंत्री ने कहा कि तमिलनाडु शांति के लिए जाना जाता है और ऐसी खबरें फैलाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं, कक्कलूर इंडस्ट्रियल एस्टेट एसोसिएशन के सचिव ने कहा कि राज्य में प्रवासी श्रमिकों पर हमले की फर्जी खबर के बाद से सभी प्रवासी मजदूर दहशत में हैं। इससे यहां के उद्योग बुरी तरह प्रभावित होते हैं। यहां सभी प्रवासी मजदूर सुरक्षित हैं और एसोसिएशन उनके साथ खड़ा रहेगा। भारतीय कपड़ा उद्योग परिसंघ और दक्षिणी भारत मिल्स एसोसिएशन ने इस मामले को लेकर कहा कि प्रवासी श्रमिकों और स्थानीय श्रमिकों के बीच कोई टकराव नहीं है और इस तरह की सूचनाओं का प्रसार गलत है।

### मुंबई-गोवा रूट पर दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन

**ठाणे:** जल्द ही मुंबई-गोवा मार्ग पर एक वंदे भारत सेमी-हाई स्पीड एक्सप्रेस ट्रेन शुरू की जाएगी। इसकी जानकारी महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य निरंजन डावखरे द्वारा साझा की गई है। महाराष्ट्र के विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने 3 फरवरी को केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रावसाहेब दानवे से मुलाकात की। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री ने समूह को बताया कि मुंबई और गोवा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाएगी। दानवे ने कहा कि यह एक्सप्रेस ट्रेन मुंबई-शिरडी और मुंबई-सोलापुर मार्गों पर हाल ही में शुरू की गई ट्रेनों की तर्ज पर मुंबई और गोवा के बीच संचालित की जाएगी।

## यूपी को सीएम योगी की सौगात

### यूपी में 115 नई बसें शुरू, इनमें 76 राजधानी बसें




**लखनऊ:** होली से पहले यूपी में 115 नई बसें शुरू हुई हैं। इनमें से 76 राजधानी बसें हैं। ये प्रदेश के 75 जिलों से लखनऊ के लिए चलेंगी। इसके अलावा 39 साधारण बसें हैं। सीएम योगी ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजधानी बसें हाईटेक सुविधाओं से लैस हैं। इनमें पैनिक बटन है। सीसीटीवी लगा है। बस में यात्रा के दौरान पीड़ित को 8 मिनट के अंदर पुलिस सहायता मिलेगी। रोडवेज की वेबसाइट से इनके टिकट की बुकिंग हो सकती है। राजधानी बसों की टाइमिंग को इस तरह रखा जाएगा कि यह सुबह 9.30 बजे तक लखनऊ पहुंच जाएगी। वहीं, शाम को वापस अपने जिलों के लिए लखनऊ से रवाना होगी। ऐसे में अगर कोई लखनऊ में अपने किसी भी काम के लिए के लिए आते हैं, तो उसके पास एक दिन में ही काम करा कर वापस लौटने का मौका रहेगा। सीएम योगी ने अपने आवास से बसों को हरी झंडी दिखाते हुए कहा, "यात्री मोबाइल पर खाना और नास्ते का ऑर्डर दे सकेंगे। इसके अलावा आने वाले दिनों में 1 लाख गांव को परिवहन सेवा से जोड़ने का काम किया जाएगा।" सीएम ने परिवहन मंत्री दयाशंकर से कहा कि इसको लेकर आप प्लानिंग करे। इसमें छोटे गांव में 30 सीटर बसें चलेंगी। राजधानी बस का किराया साधारण बस की अपेक्षा 13 पैसे प्रति किलोमीटर ज्यादा होगा।

**परिवहन मंत्री को लेकर सीएम ने ली चुटकी:** सीएम योगी ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह पर भी चुटकी ली। उन्होंने कहा दयाशंकर सिंह बलिया के लिए बस सेवा शुरू करना चाहते थे। अब बलिया के लिए सेवा शुरू होती तो बाकी जिलों से होकर गुजरना होता। ऐसे में पूरे प्रदेश की भलाई करते हुए 115 बसों की शुरूआत हुई है। सीएम ने कहा, स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर एक एमओयू साइन किया जाए। इससे समय-समय पर ड्राइवर और कंडक्टर की मेडिकल जांच हो।

## सीएम गहलोत पर केंद्रीय मंत्री ने किया मानहानि का दावा



**जयपुर:** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ मानहानि का दावा किया है। शेखावत शनिवार दोपहर दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे और दावा पत्र पेश किया। केंद्रीय मंत्री ने संजीवनी घोटाले में उनके परिवार के बारे में की गई बयानबाजी को केस का आधार बनाया है। दरअसल, गहलोत ने 21 फरवरी को सचिवालय में बजट की समीक्षा बैठक के बाद कहा था कि संजीवनी घोटाले में गजेंद्र सिंह के मां-बाप, पत्नी सहित पूरा परिवार शामिल है। वहीं,गहलोत ने भी गजेंद्र सिंह पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा- अफसोस ऐसे घपलेबाज को पीएम ने मंत्री बना रखा है।, यह कैसे मंत्री रह सकता है? संजीवनी घोटाले में गजेंद्र सिंह पर गहलोत लंबे समय से आरोप लगा रहे हैं। गहलोत गजेंद्र सिंह पर सरकार गिराने के षड़यंत्र के मुख्य किरदार होने के आरोप भी लगाते रहे हैं। सीएम गहलोत के खिलाफ मानहानि केस को राजस्थान की सियासत में विवाद की प्रमुख कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है। गजेंद्र सिंह शेखावत संजीवनी घोटाले में खुद को बेकसूर बताते हुए सीएम गहलोत पर राजनीतिक दुश्मनी से बयान देने के आरोप लगाते रहे हैं।

गहलोत बोले- मानहानि केस का स्वागत है, यह घोटाला तो चर्चा में आएगा: मानहानि केस को लेकर सीएम अशोक गहलोत ने भी केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि- ऐसे घपलेबाज को आप अपने मंत्रिमंडल में कैसे रख सकते हैं। यह तो सब कागजों में है कि घपला हुआ है। केंद्र सरकार ने लिक्विडेटर बैठा रखा है। इस आदमी को शर्म भी नहीं आती। संजीवनी घोटाले में पीड़ितों से बात तक नहीं करता।

**गजेंद्र सिंह खुद मुल्जिम:** गहलोत ने कहा- गजेंद्र सिंह के मानहानि केस का स्वागत है। कम से कम इस बहाने केस आगे बढ़ेगा।

संजीवनी घोटाले में लाखों डूबा चुके गरीबों का भला होगा। वो पैसा कहां गया है। इथोपिया में गया है। गबन हुआ है।

### पहले अपनी जनता के लिए रोटी का इंतजाम करो, फिर कश्मीर का सोचना

## यूएन में भारत ने पाक को फिर लगाई लताड़




**नई दिल्ली:** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पाकिस्तानको एक बार फिर भारत ने लताड़ा है। पाक की विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार के कश्मीर वाले राग पर भारत ने उसे आइना दिखाने का काम किया है। भारतीय राजनयिक सीमा पुजानी ने पाक के झूठे दावों की पोल खोलते हुए कहा कि पड़ोसी मुल्क अपनी जनता के लिए खाने का इंतजाम ही कर ले यही काफी होगा। अपनी जनता के लिए रोटी का इंतजाम करे पाक

भारत के अल्पसंख्यकों पर खतरे की बात कहने वाले पाक को सीमा पुजानी ने सीधे लहजे में कहा कि उसे पहले अपना घर देखना चाहिए और जनता के लिए रोटी का इंतजाम करना चाहिए। सीमा ने कहा कि पड़ोसी मुल्क में कोई भी धार्मिक अल्पसंख्यक आजादी से नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि पाक में इन अल्पसंख्यकों को खासकर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है।

**यूएन के मंच का फिर हुआ दुरुपयोग:** संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर में जुल्म पर दिए गए बयान के जवाब में भारत ने कड़े तेवर ने जवाब दिया। भारतीय राजनयिक ने कहा कि पाक के प्रतिनिधि ने एक बार फिर भारत के खिलाफ अपने दुर्भावनापूर्ण प्रचार के लिए इस मंच का दुरुपयोग करना चुना है। उन्होंने कहा कि पाक में हर रोज अल्पसंख्यकों, महिलाओं और विशेषकर हिंदू धर्म के लोगों पर जुल्म बढ़ते जा रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में थम नहीं रहा हिंदू मंदिरों पर हमले का सिलसिला

**ब्रिस्बेन:** ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों पर हमला करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब ब्रिसबेन के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में खालिस्तान समर्थकों के द्वारा तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। मंदिर के अध्यक्ष सतिंदर शुक्ला ने कहा, "मंदिर के पुजारी और भक्तों ने सुबह फोन किया और मुझे हमारे मंदिर की बाउंड्री में तोड़-फोड़ के बारे में जानकारी दी।"

**हिंदुओं को आतंकित करने का किया जा रहा प्रयास:** सारा गेट्स, जो हिंदू मानवाधिकार की निदेशक हैं, ने द ऑस्ट्रेलिया टुडे से कहा, "यह नया घृणा अपराध विश्व स्तर पर सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का एक पैटर्न है, जो स्पष्ट रूप से ऑस्ट्रेलियाई हिंदुओं को आतंकित करने का प्रयास कर रहा है।"

**शिव विष्णु मंदिर में तोड़फोड़:** जनवरी में, ऑस्ट्रेलिया के कैरम डाउन्स में श्री शिव विष्णु मंदिर को हिंदू विरोधी भित्तिचित्रों के साथ तोड़ दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया के तमिल हिंदू समुदाय द्वारा मनाए जाने वाले तीन दिवसीय 'थाई पोंगल' त्योहार के बीच मंदिर में भक्तों के 'दर्शन' के लिए आने के बाद 16 जनवरी को यह मामला सामने आया। द ऑस्ट्रेलिया टुडे के अनुसार, खालिस्तान समर्थकों ने मेलबर्न में 15 जनवरी, 2023 की शाम को एक कार रैली के जरिए अपने जनमत संग्रह के लिए समर्थन हासिल करने की कोशिश की। हालांकि, वे बुरी तरह विफल रहे, क्योंकि रैली में 200 से भी कम लोग इकट्ठे हुए।

## इजरायल-भारत एक-दूसरे की रक्षा परियोजनाओं को देंगे बढ़ावा: राजनाथ



**नई दिल्ली:** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इजरायल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के साथ बातचीत की है। इजराइल और भारत एक-दूसरे के महत्वपूर्ण रक्षा परियोजनाओं को बढ़ावा देंगे। दोनों नेताओं ने सैन्य हार्डवेयर के साझे-विकास से संबंधित प्रमुख परियोजनाओं पर चर्चा की। इजरायल के रक्षा मंत्री बनने के बाद योआव और राजनाथ के बीच यह पहली मुलाकात है।

दोनों देश रक्षा परियोजनाओं को देंगे मजबूती: रक्षा मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय रंक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशीकरण और घरेलू निर्माण में भारत की प्राथमिकता को रेखांकित किया है। मंत्रालय ने कहा है कि रक्षा मंत्री ने भारत में एक विश्व स्तरीय रक्षा उत्पादन की स्थिति में इजरायली उद्योगों के सहयोग को स्वीकार किया है।तो वहीं इजरायल को विशेष रूप से विशिष्ट प्रौद्योगिकी में सहयोग के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए भारतीय कंपनियों के साथ संयुक्त उपक्रम में निवेश को और मजबूत करने का निमंत्रण भी दिया है।

**भारत, इजरायल के साथ संबंधों को देता है प्राथमिकता:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर कहा कि इजरायल के रक्षा मंत्री मेजर जनरल योआव गैलेंट के साथ बातचीत कर प्रसन्नता हुई। तो वहीं उन्होंने यह भी कहा कि भारत इजरायल के साथ अपने संबंधों को भारत प्राथमिकता देता है। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग मजबूत करने की दिशा में उनके साथ काम करने की आशा है। राजनाथ ने कहा- उन्होंने भारत में विश्व स्तरीय डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग ईको सिस्टम के लिए इजरायली उद्योगों के सहयोग के बारे में चर्चा की है।

## 'नीतीश ने पार्टी को गिरवी रख राजद के सामने कर दिया है आत्मसमर्पण'



**अररिया:** विरासत बचाओ नमन यात्रा के तहत पश्चिम चंपारण के भितिहरवा आश्रम से यात्रा पर निकले राष्ट्रीय लोक समता दल के अध्यक्ष एवं भारत सरकार के पूर्व राज्य मंत्री उपेंद्र कुशवाहा अररिया के फारबिसगंज में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने पार्टी को गिरवी रख राजद के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार ने पार्टी को गिरवी रख कर राजद के हाथों खुद को आत्मसमर्पण कर दिया है। जब आधा राजद शासन के अन्दर है, तब बिहार में फिर से लॉ एंड ऑर्डर की वास्विकता दिखने लगी है। उन्होंने कहा कि कल जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे तो उनके साथ रहने वाले लोगों का क्या हश्र होगा, वह झलक दिख रही है।उन्होने कहा कि पार्टी में रहते उन्होंने आईना दिखाने का काफी प्रयास किया, लेकिन जिन कारणों से उन्होंने पार्टी छोड़ी उन्हें कारणों को बताते हुए जदयू की नेत्री ने भी शुक्रवार को पार्टी छोड़ी है। उन्होंने कहा कि जदयू में दो चार लोग हैं जो अपनी उल्लू सीधा करने में लगे हुए हैं और अब जदयू का अस्तित्व लगभग समाप्त हो गया है। उन्होंने इसका मूल कारण नीतीश कुमार के बिहार को गलत रास्ते पर ले जाने का निर्णय बताया।इसी कारण से पार्टी की दुर्गति हो रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा से लैस जननायक कपूर्री ठाकुर की जो विरासत थी। उस विरासत को बचाने के लिए ही 90 के दशक में लालू प्रसाद बिहार के मुख्यमंत्री बने थे,लेकिन लालू प्रसाद ने अपने ताकत का इस्तेमाल आम जनों के लिए नहीं बल्कि अपने परिवार के लिए किया।

## पेपरलीक को लेकर प्रदर्शन, पूनिया-राठौड़ हिरासत में, गहलोत को घेरा

**सालासर/जयपुर:** एक ही दिन भाजपा के दो कार्यक्रमों से राजस्थान में सियासी पारा चढ़ा रहा। पेपरलीक के मुद्दे पर जयपुर में कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध-प्रदर्शन किया, जबकि अपने जन्मदिन से पहले पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने सालासर में जनसभा की। उन्होंने बालाजी मंदिर में पूजा-पाठ भी किया। इसे राजे के शक्ति-प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। शनिवार को जयपुर में बीजेपी के हजारों कार्यकर्ता जुटे। पार्टी ऑफिस से ये सभी विरोध-प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री आवास को घेरने के लिए आगे बढ़े तो पुलिस ने इन्हें सिविल लाइंस फाटक पर रोक दिया। यहां भाजपा कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ गए। पुलिस ने लाठियां भांजते हुए उन्हें खदेड़ दिया। वाटर कैनन से पानी की बौछारें भी छोड़ीं। प्रदर्शन अब भी जारी है। पुलिस ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया और उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को हिरासत में ले लिया है। उधर, चूरू के सालासर की जनसभा में राजे ने कहा कि मैं संगठन की कार्यकर्ता के रूप में मोदी जी और नड्डा जी के नेतृत्व में चल रही हूं और आप सबको चला रही हूं। इस दौरान वे भाजपा के कद्दावर नेता रहे और पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत को याद करते हुए भावुक भी हुईं। राजे ने कहा कि वे मेरे राजनीतिक गुरु थे और आज में जो हूं उन्हीं की वजह से हूं। राजस्थान भाजपा ने पहले विधानसभा घेराव की घोषणा की थी।

## खबर संक्षेप

### सड़क के किनारे झाड़ियों में घायल अवस्था में मिला युवक

**जारी।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के पहलू का पुरवा गांव के पास एक युवक को अज्ञात लोगों ने मारपीट कर सड़क के किनारे झाड़ियों में फेंक दिया था। शनिवार को सुबह उसके कराहने की आवाज सुन कर गांव वाले पहुंच कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए प्रयागराज भेज दिया। घायल युवक के मोबाइल के आधार पर उसकी पहचान हो गई है। घायल युवक की पहचान गजराज केसरवानी पुत्र संत लाल निवासी पिपरहटा थाना कौंधियारा के रूप में हुई है। युवक की पत्नी शुभांती देबी के अनुसार वह शुक्रवार को सुबह घर से प्रयागराज आंख का इलाज कराने गए थे। दोपहर एक बजे तक बात हुई है। उसके बाद से मोबाइल बंद आ रहा है। परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर आशंका जताई है।इस संबंध में चौकी प्रभारी जारी शैलेन्द्र यादव ने बताया कि युवक के होश आने पर जानकारी मिलेगी। अभी तक किसी ने तहरीर नहीं दिया है।

# डंपर ने बाइक सवार को 200 मीटर तक घसीटा, मौत

**नैनी के सरगम चौरहे के पास शुक्रवार देर रात हुआ हादसा**



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र में सरगम तिराहे के पास शुक्रवार देर रात दर्दनाक हादसा हुआ। सड़क किनारे खड़े बाइक सवार को डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे वह डंपर में बाइक समेंत फंसकर 200 मीटर दूर तक घिसिटता गया। डंपर चालक चलती गाड़ी से कूदकर फरार हो गया। लगभग एक घंटे तक बाइक सवार डंपर में फंसा रहा। हाइड्रा की मदद से उसे बाहर निकला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। नैनी के सरगम तिराहे के पास स्प्लेंडर बाइक पर बैठे एक युवक को मीरजापुर की ओर जा रही तेज रफ्तार डंपर ने अपनी चपेट में ले लिया। बाइक सवार डंपर में फंसकर लगभग 200 मीटर घिसिटता चला गया। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी छिवकी संदीप यादव ने लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद डंपर को हाइड्रा की मदद से हटवाकर बाइक सवार को बाहर निकला। तब तक उसकी दर्दनाक मौत हो चुकी थी। शरीर और बुके का आधा हिस्सा घिस चुका था। पुलिस ने बाइक में दिए गए रजिस्ट्रेशन नंबर से पता किया तो वहान स्वामी का नाम राकेश पुत्र काली प्रसाद निवासी चचार नाला दरियाबाद पता चला। राकेश अपने परिवार से अलग रहकर एडीए में कमरा लेकर किराए पर रहता था।

# पिकप कार में भिड़ंत कार चालक घायल

**अखंड भारत संदेश**

**जारी।** शनिवार को शाम 3 बजे कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी गांव होंडा बाइक एजेंसी के पास रीवा रोड हाईवे पर पिकप मारुति कार में आमने सामने भिड़ंत हो गई। कार सवार नारीबारी से प्रयागराज जा रहे थे सामने से प्रयागराज की तरफ से पिकअप गाड़ी यूरिया लिक्विड टैंकर एसिड लाकर नारीबारी जा रहा था । जिससे कार में सवार एक ब्यक्ति डॉ प्रेम प्रकाश निवासी भीरपुर करछना गम्भीर रूप से घायल हो गया साथ मे बैठे दो लोगो को मामूली चोटे आई है । जबकि सामने से पिकप सवार व्यक्ति बाल-बाल बच गया सूचना पर पहुँची पुलिस घायलों को इलाज के लिए नजदीक हॉस्पिटल में एडमिट कराकर जाँच में जुटी।





# दो ट्रकों में भिड़ंत चालक गंभीर रूप से घायल

**अखंड भारत संदेश**

**जारी।** कौंधियारात थाना के अंतर्गत शनिवार को 4 बजे भोर में रीवा रोड के जारी गांव में दो ट्रको में भिड़ंत हो गया।ट्रक चालक हयात खान पुत्र अब्दुल रहुफ निवासी नागापुर सगरा सुंदरपुर प्रतापगढ़ गम्भीर रूप से घायल हो गया । तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गैस कटर से ट्रक बॉडी को काटकर चालक को घायल अवस्था में बाहर निकाल लिया गया है लोगो ने बताया कि एक ट्रक का एक्सल टूट जाने के कारण जारी गांव के पास हाईवे पर गिट्टी से भरा खड़ा था पीछे से हाईवे की स्ट्रीट लाइट न जलने के कारण कोयला लोड ट्रक पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे ट्रक चालक घायल होकर लगभग तीन घण्टे तक क्षतिग्रस्त ट्रक में फंसा रहा नींद झपकी लगने से दुर्घटना घटी। सूचना पर पर पहुँची पुलिस ग्रामीणों की मदद से घायल चालक को एम्बुलेंस से सीएचसी जसरा इलाज के लिए भेजकर स्वजनों को सूचित किया।

# राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस : इफको ने ली सुरक्षा नियमों को अपनाने की प्रतीज्ञा

**अखंड भारत संदेश**

**हमारा उद्देश्य -शून्य नुकसान बिषय पर चर्चा कर अधिकारियों ने बताई सुरक्षा की टिप्स**

**फूलपुर।** सुरक्षा नियमों की जानकारी रखने के साथ यह भी महत्वपूर्ण होता है कि हम उसका पालन कितना करते हैं। क्योंकि किसी भी दुर्घटना को तभी टाला जा सकता है जब हम खुद सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे। उक्त बातें शनिवार को इफको की फूलपुर इकाई में सुरक्षा के प्रति अधिकारियों को सचेत करते हुए इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने कही। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर अग्नि एवं सुरक्षा विभाग में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने सुरक्षा ध्वजारोहण कर किया। हमारा उद्देश्य- शून्य नुकसान बिषय चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षा के लिए स्वयं से जागरूक होना जरूरी है, सभी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण जैसे हैलमेट,सेफ्टी जूते आदि संयंत्र में अवश्य पहनकर आना चाहिए जिससे दुर्घटना की आशंका शून्य रहती है। इस दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा की प्रतिज्ञा भी दिलायी। संयुक्त महाप्रबंधक (उत्पादन) संजय भंडारी ने कहा कि सुरक्षा नियमों का पालन करने से दुर्घटना के प्रभाव को कम से कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा उपकरणों को अपनाना सुरक्षित व्यवस्था बनाने के लिए कार्य करता है। मुख्य प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा संजीव कुमार ने अग्नि एवं सुरक्षा विभाग की वार्षिक रिपोर्ट पेश की जिसमें उन्होंने संयंत्र की सुरक्षा के लिए उठाए गए कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा विभाग संयंत्र में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से निपटने के लिए सदैव तैयार रहता है। इस बीच सुरक्षा एवं स्वच्छता का ध्यान रखने वाले तथा विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विभागों एवं प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। जिसमें विभागों के बीच सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु जोन ए में यूरिया-1 अमोनिया-2, जोन (बी) में चिकित्सालय, अग्नि एवं सुरक्षा तथा जोन (सी) में परिवहन विभाग ऑफसाइट व जोन (डी) में आईटी सेवाएं ,कार्मिक एवं प्रशासन को पुरस्कृत किया गया। वहीं सुरक्षा पोस्टर प्रतियोगिता के विषय- उंचाई पर सुरक्षित कार्य निष्पादित करने में उपयोग की जाने वाली तकनीक व सुरक्षा उपकरणों के विषय से सम्बंधित प्रतियोगिता में आदर्श शर्मा प्रथम,परम श्रीवास्तव द्वितीय,राहुल उपाध्याय तृतीय ,अभय सिंह चतुर्थ तथा आकाश पटेल पांचवें स्थान पर पुरस्कृत हुए। सुरक्षा निबंध प्रतियोगिता के विषय- अग्रसक्रिय तथा प्रतिक्रियात्मक सुरक्षा प्रबंधन में अंकिता कुमारी प्रथम तथा संतोष कुमार सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। उक्त प्रतियोगिता के लिए सुशील कुमार पाण्डेय,अमर नाथ मिश्र,विनोद कुमार यादव को भी पुरस्कृत किया गया। सुरक्षा नारा प्रतियोगिता के विषय- संयंत्र में सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, सुरक्षा नियमों का पालन प्रतियोगिता में शिवांशु तिवारी प्रथम ,साक्षी पाण्डेय द्वितीय आदर्श शर्मा तृतीय व संतोष कुमार शुक्ल चतुर्थ तथा पांचवें स्थान पर नीतू सिंह रहीं। प्रतियोगिता के सभी विजयी प्रतिभागियों को इकाई प्रमुख द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन अनिल कुमार यादव(प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा) ने दिया। मौके पर संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः संजय वैश्य, एम.डी. मिश्र, ए.पी.राजेन्द्रन, पी.के.सिंह, पी.के.पटेल,रत्नेश कुमार, डॉ अनीता मिश्रा, अरूण कुमार व अन्य संयुक्त महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी, हितेश मदान तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




इफको के अधिकारियों से सुरक्षा नियमों को अपनाने की अपील करते इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया

### परिवार नियोजन पर सास बेटा बहू सम्मेलन हुआ आयोजित

**सहसों।** क्षेत्र के जगबंधनपुर ग्राम सभा के स्वास्थ्य उपकेंद्र पर शुक्रवार को सास बहू और बेटा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अधीक्षक बहादुरपुर मनीष मौर्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ0 जियालाल यादव के निर्देशन में आशा बहू एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा नव दंपतियों को चिन्हित कर परिवार नियोजन की ढेर सारी जानकारी दी गई। जिसमें आशा बहुओं द्वारा आठ से दस परिवारों से सास बेटा और बहू का चयन कर प्रतिभाग के लिए स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर आयोजित सम्मेलन में लाए गए। जिसमें एएनएम आशा बहु द्वारा परिवार नियोजन के तमाम संसाधनों के उपयोग के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर सास बेटा बहू सम्मेलन में प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया गया। सास बेटा और बहू सम्मेलन में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान जगबंधनपुर सुमन देवी, ग्राम प्रधान बभकुईयां अशोक कुमार, सुपरवाइजर गायत्री देवी, एएनएम शशिकला देवी, एएनएम मोनिका यादव, आशा बहू संगीता गुप्ता, सुनीता मौर्या, सविता गौतम, जड़ावती देवी, अर्चना सिंह, सोनम देवी, अंजली देवी, तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्री कमला गुप्ता, सुमन देवी, अर्चना सिंह, मिनी सहायिका विजयलक्ष्मी आदि शामिल रहीं।

## न्यूज झरोखा

### 1.50 किग्रा अवैध गांजे के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार




**फूलपुर।** अवैध गांजे की तस्करी कर रहे एक युवक को फूलपुर पुलिस ने शनिवार को पकड़कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर दिया। फूलपुर सहायक पुलिस आयुक्त के निर्देश पर इफको चौकी इंचार्ज पंकज भास्कर को क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में तब एक और सफलता मिली जब मुखबिर की सूचना पर गांजे की तस्करी कर रहे एक मुजरिम को गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि जाफरपुर उर्फ बाबूगंज निवासी अभियुक्त ओम प्रकाश पर पूर्व में भी मुकदमा पंजीकृत हुआ है। शनिवार को 1.50 किलो गांजे के साथ उसे गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### ओमशंकर इं.का. कॉलेज धनऊपुर में परीक्षा का समापन




**जंघई।** ओमशंकर इंटरमीडिएट कॉलेज धनऊपुर में 16 फरवरी से हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षाएं प्रारंभ हुई थी। यूपी बोर्ड द्वारा संचालित परीक्षा में शुक्रवार को हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान एवं शनिवार को इंटरमीडिएट में समाजशास्त्र, रसायन विज्ञान विषय की परीक्षा के साथ इस वर्ष की परीक्षा का समापन हुआ। प्रबंधक डॉ अमियकृष्ण पांडेय एवं प्रधानाचार्य अनुराग मिश्र ने बताया कि हमारे विद्यालय में परीक्षा विभाग द्वारा शत प्रतिशत नकल विहीन परीक्षा कराई गई। छात्र, छात्राओं को नकल करने की इजाजत नहीं थी हमारे विद्यालय एवं अन्य विद्यालय के विद्यार्थियों से परीक्षा में समान रूप से व्यवहार किया गया। विद्यालय के समस्त स्टाफ जिसमें जिसमें पूनम तिवारी, मुकेश शुक्ला, एचएन दुबे, मुकेश श्रीवास्तव, मनीष, शिवांगी सिंह, अशोक गौड़ आदि लोगों ने पूरी उर्जा से परीक्षा को संपन्न कराया ।

### वारी दुगार्गंज मार्ग पर चलना हुआ दूभर, राहगीरों में आक्रोश



**जंघई।** प्रयागराज भदोही जनपद को जोड़ने वाली सड़क दुगार्गंज वारी संपर्क मार्ग की मरम्मत वर्षों से नहीं हुई है जिसके कारण आवागमन करने वाले राहगीरों में काफी आक्रोश व्याप्त है।बार बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से ग्रामीणों ने गुहार लगाई लेकिन सबने अनसुना कर दिया सड़क पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो चुकी है आम जनमानस टकटकी लगाये देख रहा है कि कब सड़क की मरम्मत होगी लेकिन जनप्रतिनिधियों या प्रशासन का ध्यान इस सड़क पर नहीं जा रहा।इस सड़क पर 24 घंटे आवागमन है सड़क पर पानी बहने के कारण राहगीर गिर कर चुटहिल भी हो जा रहे हैं लेकिन सड़क की मरम्मत काफी वर्षों से नहीं हो रही आम नागरिक मायुस विवश एवं लाचारी में नजर आ रहा कि सड़क मरम्मत की गुहार किससे लगाएं जो सुनकर सड़क मरम्मत करवाए।

### रंगों में सराबोर हुआ नागरिक पीजी कॉलेज जंघई



**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में शनिवार को प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह रखा गया। शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र छात्राओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बड़े धूमधाम के साथ होली से पहले होली मिलन त्योहार मनाया। इस अवसर प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय ने कहा कि होली का त्योहार एकता अखंडता भाईचारा प्रेम सौहार्द का त्योहार है सबको मिलकर होली मनाना चाहिए। महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने प्राचार्य एवं अपने सहकर्मियों को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दिया।इस अवसर पर प्रोफेसर रवि कुमार मिश्र, बृजेश कुमार यादव, डॉ गंगेश दीक्षित, डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, डॉ प्रमोद पांडेय, सुरेंद्र यादव, डॉ ममता यादव, विकास यादव, कुलदीप सोनी, सुनील कुमार, डॉ पवन पांडेय, अश्विनी कुमार मिश्र, नीरज, आयुषी मौर्या, रंजन शर्मा, विजय कांत शुक्ल, ज्ञान प्रकाश ओझा, हर्षवर्धन सिंह, कृष्णराज शुक्ल, वीरेंद्र यादव, लालचंद, अनुज तिवारी, मनोज पांडेय, राकेश तिवारी, विनय दुबे, मातासेवक, धर्मराज, विनय गौड़, रमेश तिवारी, राजकुमार हेला आदि लोग मौजूद रहे।

# शराब की दुकान में सेंधमारी कर लाखों की शराब व नगदी चोरी

**अखंड भारत संदेश**



ग्राम कहली स्थित शराब की दुकान में चोरी घटना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में चोरो के हौसले बुलंद है। बीती रात चोरों ने देशी शराब की दुकान में सेंधमारी करके शराबों से भरी पेटी, नगदी, स्केनर मशीन, चार्जर, सीसी कैमरा लगभग लाखों की चोरी करने में सफल रहे। ठेकेदार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कहली बैंक के निकट देशी शराब की दुकान में बीती रात चोरों ने दुकान में सेंधमारी करके चालिस पेटी देशी शराब, गल्ले में रखा तीन हजार नगदी ,स्कैन मशीन ,चार्जर, सीसी कैमरा आदि लाखों की चोरी कर ले गए। बताते हैं कि जब शनिवार को सेल्स मैन मान सिंह यादव पुत्र राजेंद्र यादव ग्राम जाम्हा निवासी दुकान खोलने गया तो देखा कि दुकान में सेंधमारी हुई है।तथा इसकी सूचना अनुज्ञापी विष्णु कुमार यादव पुत्र शोभनाथ को देकर112 नम्बर को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है। ठेकेदार विष्णु कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।इसके पूर्व जोगापुर निवासी सुशीला देवी के यहां पांच लाख की चोरी फिर ,जाम्हा खास निवासी दिनेश कुमार तिवारी के यहां लगभग पचास लाख की चोरी का आज तक मऊआइमा पुलिस पता नहीं लगा सकी है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह पर कार्यक्रम आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** महिला दिवस के उपलक्ष्य में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन श्रीमती निशा झा नोडल अधिकारी /एडीजे, जिल विधिक सेवा प्राधिकरण, इलाहाबाद की अध्यक्षता में किया गया ' अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अवसर पर लक्ष्मी गार्डन मेवलाल बगिया नैनी में आयोजित शिविर एनसीडब्ल्यू के दिशा निदेर्शों के अनुसार किया गया। शिविर का संचालन श्रीमती सविता मिश्रा व गीता सिंह द्वारा किया गया ' शिविर में शुभांगी चौधरी अधिवक्ता, अनुराधा सिंह समाज सेविका, शालिनी सिंह सब इंस्पेक्टर थाना नैनी, हरदीप कौर समाज सेविका, ने अपने विचार रखे ' निशा झा नोडल अधिकारी लोक अदालत द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें विधिक नियमों की जानकारी प्रदान की गई ' श्री सुभाष चंद्र मौर्य सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इलाहाबाद द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण व महिलाओं से संबंधित विधिक जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण व कार्यक्रमों के बारे में जागरूक कराया गया तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया ' श्री ज्योति प्रकाश सिविल जज द्वारा महिलाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार के हो रहे अपराधियों से बचाव व उनके संरक्षण के बारे में बताया गया ' तहसीलदार करछना श्री गणेश सिंह द्वारा राजस्व से संबंधित महिलाओं के लाभार्थी विभिन्न योजनाओं के बारे में सभा में उपस्थित महिलाओं को बताया गया तथा उन्हें उसका लाभ कैसे प्राप्त होगा इसके बारे में जागरूक किया गया कर्यक्रम के अंत में श्री सुभाष चंद मौर्या सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार इलाहाबाद द्वारा अपने कार्य में उत्तम कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा नोडल अधिकारी द्वारा अन्य महिलाओं को उपहार स्वरूप पेन प्रदान करते हुए अपने आप को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया गया ' कार्यक्रम में अजय सिंह सब इस्पेक्टर थाना नैनी व उमाशंकर प्रभारी सब इंस्पेक्टर थाना नैनी व अन्य पुलिसकर्मियों का विशेष योगदान रहा ' इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी नितिन श्रीवास्तव सुशील कुमार उपस्थित रहे यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष चंद्र द्वारा प्रदान की गई।



# करछना में संपूर्ण समाधान दिवस पर आई 122 शिकायतें निस्तारण शून्य



**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** संपूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को तहसील सभागार मे कुल 122 शिकायते आई लेकिन मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नही हो सका जिससे फरियादियों को मायूस होकर लौटना पड़ा। अध्यक्षता एसडीएम डा. गणेश कन्नौजिया ने किया इस मौके पर उन्होने सम्बधित विभागो के मातहतो से शिकायतो के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए लंबित शिकायतो का निस्तारण न होने से वही शिकायते बार बार आ रही है आगे इस तरह की शिकायते न आये इसके लिए विभागीय लोग मौके पर जाकर इसे निस्तारित करे।प्रमुख शिकायतो मे खाई गांव मे दबंगों द्वारा सडक पर अतिकमण की शिकायत की गई।रामहर्ष निवासी मुगारी ने धारा 24 की पत्रावली कानूनगो द्वारा गायब किए जाने की शिकायत की गई रामपुर की रविता ने भूमिहीन व्यक्तियो को पट्टा और आवास दिए जाने की शिकायत की,फूलचन्द्र कुशवाहा माधोपुर उपरहार ने सीमांकन के लिए परताली नक्सा रिकार्ड रूम से उपलब्ध कराने की मांग की करछना गांव के देवेन्द्र सिह से बाजारोमे हो रहे अतिक्रमण को लेकर शिकायत करते हुए अतिकमण हटाने की मांग की वही सबसे ज्यादा शिकायते राजस्व पुलिस सहित अन्य विभागो से सम्बधित रही।इस मौके पर तहसीलदार गणेश सिह नायब तहसीलदार विनय कुमार द्विवेदी, खण्ड विकास अधिकारी देव कुमार खण्ड शिक्षाधिकारी अनिल तिवारी, विपणन निरीक्षक सुनील सिह सहित कई विभागीय कर्मी मौजूद रहे।

# सीआरओ प्रयागराज ने सुनी शिकायतें

**कोराव।** सम्पूर्ण समाधान दिवस कोरांव में प्रभारी अधिकारी के रूप में सी आर ओ प्रयागराज ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। जिसमें 267 शिकायतें प्राप्त हुईं और मात्र 7 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिसमें सबसे ज्यादा ब्लॉक केअफसरों और ग्राम सचिवों द्वारा पीएम सीएम आवास योजना की पात्रता सूची से पत्रों का नाम गायब कर अपत्रों को रिश्वत ले ले कर दिए जाने की शिकायतें की गई। जिस पर प्रभारी अधिकारी ने नाराजगी जताई और जांच कराकर कार्यवाही का आदेश दिया। इसी तरह बिजली विभाग के दो जेई की शिकायतें हुई उन्होंने वेतन काटने का निर्देश दिय। पूरे समाधान दिवस में आवास की शिकायतें ज्यादा आईं जिस पर सी आर ओ ने नाराजगी जताई। इस प्रकार कई विभाग कई विभाग की शिकायतें मिलीं जिसका समय से निस्तारण का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। एक विधवा बिटोला देवी ने शिकायत किया की प्रधान धूस ने मेरा जबरन जमीन कब्जा कर लिया किंतु आज तक सुनवाई नहीं हुई। सएसडीएम शुभम यादव,तहसीलदार अनिल कुमार वर्मा सहित कई विभाग के अधिकारी और उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।



**कुल सम्पूर्ण समाधान दिवस में 267 शिकायतें आई मात्र 7 का निस्तारण, सर्वाधिक शिकायतें पीएमसीएम योजना के आवास पात्र को अपात्र और अपात्र को पात्र किए जाने की शिकायतें**

## खबर संक्षेप

### खाटू श्याम महोत्सव में उमड़ी भक्तों की भीड़

**प्रयागराज।** राधेश्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित रंगभरी एकादशी को भक्तों ने धूमधाम से मनाया। भक्तों ने मारवाड़ी धर्मशाला से नगर भ्रमण यात्रा निकाली। यह यात्रा रामबाग स्थित खाटू श्याम मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई। जिसमें बड़े पैमाने पर भक्तों की संख्या मौजूद रही। श्रद्धालुओं की यात्रा में गुलाल, फूल और इत्र की वर्षा की गई।यात्रा के अवसर पर खाटू श्याम के नवनिर्मित रजत सिंहासन का लोकार्पण किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इसके बाद शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बरेली के राम-श्याम ने बाबा तेरी फुल कृपा है, वृतिका बंकु की ओर मस्त मलंग फागुन आयो रे, रोमा निषाद ने चल बाबा के धाम वो झोली भर देंगे, भजनों की प्रस्तुति की गई। इन भजनों की धुन पर भक्त भावविभोर हो गए। भक्तों ने भी भजनों की धुन गुनगुनाई। भजन संध्या के बाद श्याम रसोई में छप्पन भोग और माखन मिश्री भोग प्रसाद का वितरण किया। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर खाटू श्याम के जयकारे लगाए।

## उमेश पाल हत्याकांड :

# अतीक के लापता बेटे एहजम और आबाम पुलिस को चकिया में मिले टहलते, भेजे गए बाल सुधार गृह

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड शनिवार को एक और नया मोड़ आ गया धूमनगंज पुलिस ने माफिया अतीक के लापता बताए जा रहे दो नाबालिग बेटों को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया। पुलिस का कहना है अतीक अहमद के दोनों बेटे उसे कसारी मसारी में लावारिस हालत में घूमते मिले थे। इसलिए उन्हें पकड़कर बाल सुधार गृह खुल्दाबाद में दाखिल करा दिया गया है। प्रयागराज के धूमनगंज थाना प्रभारी राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि शनिवार को माफिया टी कामत के दो बेटे एहजम और अबान क्षेत्र के कसारी मसारी में लावारिस हालत में घूमते हुए मिल गए। उनसे पूछताछ की गई तो उन दोनों ने अपना नाम बताया। एक की उम्र 17 साल और दूसरे को उम्र 11 - 12 साल के आसपास है। दोनों को बाल सुधार गृह खुल्दाबाद में दाखिल करा दिया गया है। धूमनगंज थाना क्षेत्र के सुलेमसराय में 24 फरवरी की शाम 5:30 बजे के आसपास भाजपा नेता एवं अधिवक्ता उमेश पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जिसमें माफिया अतीक अहमद उसकी पत्नी शाइस्ता परवीन के साथ उसके बेटों का नाम भी आया था शाइस्ता परवीन ने चीफ जस्टिस इलाहाबाद हाई कोर्ट मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शिकायत की थी कि उसके दो नाबालिग बेटे को पुलिस खा ले गई है उनका कुछ पता नहीं चल रहा है इसके बावजूद कोई कार्यवाही ना होने पर शाइस्ता परवीन ने अपने अधिवक्ता के जरिए इस संबंध में कोर्ट में अर्जी लगाई थी कोर्ट ने भी पुलिस से जब अधिक के दोनों नाबालिग बेटों एहजम और अबान के बारे में धूमनगंज पुलिस से सवाल-जवाब किया तो पुलिस ने इंकार कर दिया शाइस्ता परवीन अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में अर्जी लगाई उसके बाद धूमनगंज पुलिस ने शनिवार को बताया कि अति के दोनों लापता नाबालिग बेटे उसे चकिया के कसारी मसारि में लावरिस मिल गए। वह दोनों उमेश पाल हत्याकांड में नामजद है।

## माफिया अतीक के भाई अशरफ को राहत नहीं,कोर्ट ने खारिज की जमानत अर्जी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाहुबली माफिया डॉन अतीक अहमद के छोटे भाई शातिर अपराधी मोहम्मद अशरफ उर्फ खालिद अजीम को धूमनगंज थाना क्षेत्र में 2015 में दो लोगों की हत्या के षड्यंत्र मामले में जमानत देने से इन्कार कर दिया और अर्जी निरस्त कर दी। कोर्ट ने कहा, याची के खिलाफ 51 गंभीर आपराधिक केस दर्ज हैं। हाल ही में विधायक राजू पाल के मुख्य गवाह उमेश पाल व दो गनर की दिनदहाड़े हुई हत्या के केस में भी आरोपी है। एक लाख का इनामी बदमाश है, जो जेल में बंद है। कोर्ट ने याची को जमानत पाने का हकदार नहीं माना। यह आदेश न्यायमूर्ति डीके सिंह ने मोहम्मद अशरफ की जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए दिया है।प्रयागराज के धूमनगंज थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 25 सितंबर 15 को 8.30 बजे रात शिकायतकर्ता मोहम्मद आबिद कार से गांव जा रहा था। मदरसे के पास नामित सात अभियुक्तों ने पुरानी दुश्मनी के चलते कार पर फायरिंग की, जिसमें दो लोग मारे गए। याची प्राथमिकी में नामजद नहीं था। विवेचना के दौरान सबूत मिलने पर उसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। इसके भाई बाहुबली अतीक अहमद पर सौ से अधिक आपराधिक केस हैं। विधायक हत्या केस में भी आरोपी है। गिरोह का सरगना है।

### जमानत देते समय समाज पर पड़ने वाले असर पर भी हो विचार

कोर्ट ने कहा हत्या, अपहरण जैसे गंभीर अपराधों के आरोपी को जमानत की पैरटी नहीं दी जा सकती। जमानत देते समय अपराध की प्रकृति सबूतों व समाज पर पड़ने वाले असर पर विचार किया जाना चाहिए। प्रश्नगत मामले में मृतक सुरजीत की विधवा प्रीती देवी की याचिका पर हाईकोर्ट ने निष्पक्ष विवेचना का निर्देश दिया है। घटना के चश्मदीद गवाह हैं। याची पर दो लोगों की हत्या के षड्यंत्र का आरोप है।

# मेजा में विधायक के करीबी व सपा नेता की पिटाई

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मेजा के पकरी सेवार में विधायक के करीबी व समाजवादी पार्टी के नेता द्वारा नहर के रास्ते पर किए गए अवैध कब्जे को लेकर इंटरनेट मीडिया पर आवाज बुलंद करना महंगा पड़ गया। अराजक तत्वों ने सपा नेता के घर में घुसकर मारपीट करते हुए महिलाओं से भी अभद्रता की। पीड़ित स्वजनों ने पुलिस को तहरीर देकर गुहार लगाई। लेकिन पुलिस उदासीनता का परिचय देने में जुटी है। जबकि मारपीट की वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है।

उधर पिटाई में घायल नेता की हालत गम्भीर बनी हुई है। उक्त गांव के नेता सूरज सिंह राजा मेजा विधायक संदीप पटेल के बेहद करीबी हैं। बीते दिनों उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर गांव की नहर के रास्ते पर ग्रामीणों द्वारा किए गए कब्जे को लेकर मुद्दा उठाया था। इसी मामले से खुन्नस खाए पड़ोस के आधा दर्जन अराजक तत्व शुक्रवार को नेता के घर पहुंचतें ही भद्दी भद्दी गालियां देते हुए घर में घुसे और तोड़फोड़ शुरू कर दिया। इसके बाद नेता को बर्बरता पूर्वक लोहे की रॉड, लाठी डंडे से पीटने लगे। इससे स्वजनों समेत ग्रामीणों में खलबली मच गई। बीच बचाव के दौरान अराजक तत्त्वों ने भाई समेत महिलाओं से अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मोबाइल लेकर फारार हो गए। अराजक तत्त्वों की पिटाई से बेहोश होकर जमीन पर गिरे नेता को स्वजनों द्वारा मेजा कोतवाली ले जाया गया और नामजद तहरीर देकर शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जहां उनकी हालत गम्भीर बनी हुई है। उक्त घटना की वीडियो भी मीडिया पर खूब तेजी से वायरल हो रहा है। इसके बावजूद भी पुलिस उदासीनता का परिचय देने में जुटी है। उधर सपा नेता की पिटाई को लेकर स्थानीय सपाइयों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। मेजा विधायक संदीप पटेल, सपा नेता प्रमिल यादव व रक्षामंत्री यादव ने थानाध्यक्ष मेजा की शिकायत जोन एडीजी समेत आलाधिकारियों से करने की बात कही है।

## हक के लिए तहसील मुख्यालय करछना में भरी हुंकार...

# सम्यक संवैधानिक क्रांति मोर्चा ने किया धरना प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**करछना।** तहसील मुख्यालय में शनिवार को सम्यक संवैधानिक क्रांति मोर्चा की ओर से व्यापक पैमाने पर धरना प्रदर्शन किया गया। बैकवर्ड (ओबीसी, एससी, एसटी एंड माइनॉरिटी) जन आंदोलन के तहत बेरोजगार, किसान, मजदूर, जाति जनगणना एवं जनजाति दर्जा देने व भूवितरण के लिए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का संचालन संवैधानिक क्रांति मोर्चा के सब कोऑर्डिनेटर श्याम पटेल ने किया।

**10 सूत्री मांग पत्र में भूमिहीन किसानों को मिले 5- 5 बीघे कृषि भूमि :** जिला कोआर्डिनेशन कमेटी समिक संवैधानिक क्रांति मोर्चा की ओर से आयोजित इस धरना प्रदर्शन में 10 सूत्री मांग पत्र एसडीएम करछना डॉ. गणेश कनौजिया को सौंपा गया। वक्ताओ ने कहा कि सरकारी संस्थानों का हो रहा निजीकरण असंवैधानिक है।अतः निजीकरण प्रक्रिया बंद किया जाए। निजी की किए गए संस्थानों का पुनः राष्ट्रीयकरण किया जाए। कहा कि राष्ट्रीय किसान आयोग का गठन कर किसानों की मासिक आय कम से कम चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी के बराबर निर्धारित की जाए। ओबीसी की जातिवार जनगणना कराई जाए। सभी जाति वर्गों को आबादी के अनुपात में सभी क्षेत्रों विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और सरकारी संस्थानों में हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाए। क्रीमीलेयर तत्काल खत्म कर ओबीसी की 60% आरक्षण सुनिश्चित किया जाए। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 63 - 64 के अधीन आवासीय एवं धारा 126 के अधीन कृषि हेतु कम से कम पांच - पांच बीघे जमीन भूमिहीनों एवं कृषि मजदूरों/अपेक्षित वर्गों को देना सुनिश्चित किया जाए।

**मत्स्य पालन और बालू खनन करने वाले मजदूर परिवारों को दिया जाए पांच हजार रुपए मासिक भत्ता :** उच्च एवं उच्चतम न्यायपालिका के जजों की नियुक्ति में ओबीसी, एससी/एसटी व माइनॉरिटी को भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाए। भारत में एक राष्ट्र एक शिक्षा नीति के तहत समान अनिवार्य एवं मुफ्त शिक्षा नीति लागू की जाए। कोल, मुसहर, धरकार, गोंड आज जातियों को उत्तर प्रदेश में भी जनजाति का दर्जा देकर जनजाति की सुविधाएं देना सुनिश्चित किया जाए। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पैतृक संपत्ति एवं देश के सभी संस्थानों में हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाए। सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की पेंशन व अन्य सुविधाएं तत्काल बंद की जाए। तहसील, ब्लाक एवम थानों में रिश्वतखोरी रोकने हेतु कमेटी बनाकर साप्ताहिक समीक्षा रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। बालू पत्थर खनन एवं मत्स्य पालन का कार्य पीढ़ी दर पीढ़ी से करते चले आ रहे लोगों को अनुज्ञापत्र जारी किया जाए। इन्हें अनुदान के रूप में प्रतिमाह पांच हजार रुपए दिए जाए। धरना प्रदर्शन के दौरान मोस्ट पीपुल्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक रामराज आदिवासी, राष्ट्रीय प्रभारी कमलेश गुप्ता, राष्ट्रीय प्रचारक अश्वनी पटेल, राष्ट्रीय संयोजिका सुशीला आदिवासी, राष्ट्रीय सह संयोजिका संगीता कनौजिया, जिलाध्यक्ष शालिग्राम आदिवासी, जिला संयोजक ओमप्रकाश आदिवासी, तहसील अध्यक्ष रिंकू कोटार्य, किसान नेता रामराज पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता वंश बहादुर आदिवासी के अलावा एडवोकेट वीरेंद्र आदिवासी, लाल बहादुर गुप्ता, ओम शंकर आदिवासी, शकुंतला भारतीय, स्वाति भारतीय, अनीता, सुषमा कोटार्य, फूलकली पटेल, शिवपति रत्नाकर, अर्चना रत्नाकर, संजू देवी, अरविंद विश्वकर्मा, सूर्यमणि निषाद, किरण आदिवासी, भैरवलाल आदिवासी, अजय कुमार, मनीषा गौतम, प्रवीण कुमार कुशवाहा और अनामिका आदिवासी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

जाति जनगणना, मुफ्त शिक्षा और किसान आय आयोग के गठन की मांग



## मेजा सम्पूर्ण समाधान दिवस

# जिलाधिकारी संजय खत्री ने लोगों की सुनी समस्याएं

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील मेजा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने लोगों की शिकायतों को सुनते हुए राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को टीम बनाने एवं मौके पर जाकर प्रकरण की जांच कर शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को संतुष्ट भी होना चाहिए। जिलाधिकारी ने प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्रवाई एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया साथ ही अधिकारियों को चेतावनी दी कि निस्तारण में विलम्ब पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर लगभग 90 वर्षीय वृद्ध मुंशीलाल निवासी ग्राम-कोसड़ाकला माण्डा ब्लाक के द्वारा कम्बल दिलाने के बहाने जमीन का गलत ढंग से बैनामा करा लिए जाने की शिकायत की गयी, जिसपर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी मेजा को जांच कराने एवं शिकायत के सही पाये जाने पर बैनामा निरस्त किए जाने का निर्देश दिया है। दिव्यांग महिला सोनम देवी निवासी ग्राम सिकरा, माण्डा ब्लाक ने मृतक ससुर के हिस्से की जमीन को अपने जेठ सुरेश कुमार द्वारा हड़पने व मारपीट किए जाने की शिकायत की गयी, जिसपर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी मेजा व एसीपी को मामले की त्वरित जांच कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए कहा है। इसी प्रकार रामसखा ग्राम करदहा, ब्लाक मेजा द्वारा नहर में सिंचाई हेतु लगी हुई पुरानी पाईप के स्थान पर नई पाईप लगाये जाने का अनुरोध किया गया, जिसपर जिलाधिकारी ने मुख्य अभियंता सिंचाई को नहर बंद होने पर नई पाईप लगवाने का निर्देश दिया है। विकास कुमार निवासी ग्राम भटौती ने ब्लाक मेजा ने घर के ऊपर से गुजरने वाली 11 हजार बोल्टेज लाईन के पुराने तार के जर्जर होने व बार-बार गिरने की शिकायत की गयी, जिसपर जिलाधिकारी ने मुख्य अभियंता विद्युत को पुराने तार के बदले जाने का निर्देश दिया है। इसी प्रकार शीला यादव ग्राम कोढनिया ग्राम उरूवा ने प्रार्थिनी की भूमिधरी जमीन पर सहकास्तकारों द्वारा जबरन कब्जा किए जाने की शिकायत की, जिसपर जिलाधिकारी ने जांच कर आवश्यक कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिए है। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 341 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व विभाग की 146, पुलिस विभाग की 37, विकास विभाग की 57, समाज कल्याण की 10, स्वास्थ्य विभाग की 02, शिक्षा विभाग की 01 एवं अन्य विभागों की 88 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 35 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आज ही अपने विभागों से सम्बंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राप्त करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। डीएम ने परियोजना निदेशक श्री अशोक कुमार मौर्या को आवास से सम्बंधित शिकायतों का निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। डीएम ने एसडीएम मेजा को चक मार्गों से अतिक्रमण हटवाने, खतौनी के वरासत की फीडिंग समय से कराये जाने, ठीक ढंग से फाईलों के रख-रखाव व तहसील परिसर में लगे आर0ओ0 सिस्टम की मरम्मत कराकर चालू कराये जाने तथा नवनिर्मित शौचालयों को चालू किए जाने तथा पुराने शौचालयों की साफ-सफाई कराने तथा तहसील परिसर को साफ-सुथरा बनाये रखने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी अधिवक्ताओं से मिलकर उनके सुझाव एवं समस्याओं को सुना तथा उनके निस्तारण के बारे में अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया। इस अवसर पर एसडीएम मेजा विनोद कुमार, सीएमओ आशु पाण्डेय, पीडी श्री एके मौर्या, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## डालमिया सीमेंट द्वारा किया गया होली मिलन समारोह

**सहसों।** गारापुर स्थित जय शारदा सीमेंट एजेंसी में शनिवार को डालमिया सीमेंट कंपनी द्वारा अपने वितरकों, दुकानदारों के प्रतिष्ठानों पर जाकर कंपनी की प्रयागराज टीम ने होली मिलन समारोह का कार्यक्रम किया। इस अवसर पर प्रयागराज के टी एस एम रजनीश कुमार ने बताया कि इस वर्ष कंपनी ने होली के त्यौहार को देखते हुए कंपनी द्वारा हर जिले में अपने वितरकों,एजेंसियों एवं दुकानों पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन चलाया जा रहा है। जिसमें कंपनी ने सभी को अपनी शुभकामना संदेश के साथ रंगों का त्योहार होली मनाने की इच्छा जाहिर की है। कंपनी के तरफ से हम हमारी प्रयागराज की टीम ने एजेंसी प्रतिष्ठानों पर जाकर कंपनी की तरफ से एजेंसी मालिक को शुभकामना संदेश दे रहे हैं। इस अवसर पर जय शारदा सीमेंट एजेंसी गारापुर के मालिक जय शंकर शुक्ला ने कंपनी की तरफ से उपस्थित लोगों को मुंह मीठा कराया। इस मौके पर कंपनी की टीम में जन्मेजय पांडे जिला सेल्स अधिकारी, अक्षय दीक्षित सेल्स अधिकारी, इंजीनियर दीपक इंद्रवाल, इंजीनियर दुर्गेश त्रिपाठी, ऋतुराज वर्मा, मनोज मिश्रा, आशीष शुक्ल एवं विश्वनाथ, बुद्धराम, बसंत लाल, महेश कुमार, पप्पू , संतोष सहित एजेंसी के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।



## मेजा ऊर्जा निगम ने मनाया 52वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** शनिवार को मेजा ऊर्जा निगम मे 52वाँ राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में केदार रंजन पाण्डु, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (मेजा ऊर्जा निगम) बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण एवं सुरक्षा शपथ के साथ किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि द्वारा शून्य दुर्घटना लक्ष्य, कार्य के दौरान खतरों को पहचानना एवं उनको दूर करने के उपाय तथा जागरूक रहने का संकल्प दिलाया गया साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अजीत बसक, महाप्रबंधक (प्रचालन), गुरु प्रसाद सिंह, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस), अखिल के पी पट्टनायक, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), अशोक कुमार सिन्हा, अपर महाप्रबंधक (वित्त), ओम प्रकाश चौधरी, ए.सी (सी आई एस एफ) अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष एबं मेजा ऊर्जा निगम के कर्मचारियां उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश श्रीवास्तव (सहायक प्रबंधक सुरक्षा), वार्षिक सुरक्षा विवरण आरके प्रजापति (अपर महाप्रबंधक) एवं ज्ञापन संजय कुमार शर्मा (अपर महाप्रबंधक) द्वारा किया गया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कौवा, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2022-23

### टेण्डर/कोटेशन

दिनांक : 04.03.2023

ग्राम पंचायत **कौवा** में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/ चतुर्थ राज्य वित्त/15 वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **कौवा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 05-03-2023 से दिनांक 20-03-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 21-03-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 21-03-2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | विजय सिंह के घर से लेकर अरविन्द के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य (80 मीटर) (केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त) | 3.27 लाख | 1 माह |

रेखा कुमारी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कौवा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

कमल सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत कौवा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# प्रस्तावित पंप कैनाल एवं नहर का अधिशाषी अभियंता ने किया निरीक्षण

नहर खुदाई के लिए किया गया सर्वे, पानी की परखी गहराई



अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** कोरांव तहसील क्षेत्र के भोगन में प्रस्तावित पंप कैनाल एवं नहर की प्रतीक्षा कर रहे ग्रामीणों में एक बार फिर खुशी की आस जग गई है। शनिवार को अधिशासी अभियंता बेलन नहर प्रखंड प्रयागराज सुरेशचंद्र यादव ने नहर विभाग के अधिकारियों के साथ भोगन गांव में पहुंचकर पंप कैनाल के लिए बेलन नदी में पानी की जहां गहराई परखी, वहीं नहर निर्माण कार्य के लिए सर्वे भी कराया गया। अधिशासी अभियंता सुरेश चंद्र यादव ने पहुंचते ही बेलन नदी में पानी के गहराई की जांच पड़ताल की और नक्शा के माध्यम से मौके का मुआयना कर गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सर्वे कार्य पूरा हो जाने व शासन से बजट स्वीकृति हो जाने पर पंप कैनाल के स्थापना व नहर खुदाई का कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा। भोगन गांव में पंप कैनाल की स्थापना से आधा दर्जन गांव की असिंचित भूमि सिंचित हो जाएगी। पंप कैनाल लगने से जो गांव लाभान्वित होंगे उनमें भोगन, मलीपुर, सेवई, खेदुपुर इत्यादि गांव शामिल हैं। ज्ञातव्य हो कि उक्त पंप कैनाल विधायक राजमणि कोल के पहल पर स्वीकृत हुआ है। जिसके निर्माण व स्थापना के लिए अधिकारियों ने सर्वे किया। इसके पूर्व विधायक के साथ अधिकारियों के द्वारा स्थलीय सत्यापन व सर्वे कार्य कराया जा चुका है। अधिशासी अभियंता के निरीक्षण व सर्वे के दौरान मुख्य रूप से एक्सईएन कुलदीप तिवारी, एसडीओ धर्मेंद्र सिंह, जेई मिथिलेश, जिलेदार नंदलाल, वेद प्रकाश, घनश्याम श्रीवास्तव समेत सिंचाई विभाग के कई अधिकारी व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

**मेजा रोड।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आंशू पाण्डे ने औचक निरिक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पहुंचने पर डॉक्टर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ में खलबली मच गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्टाफ अटेंडेंस रजिस्टर, साफ सफाई व दवाओं के साथ ही गर्भवती महिलाओं से जाकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशु पांडे ने मेजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के क्षतिग्रस्त पड़े भवनों का जल्द से जल्द निर्माण कराने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर ओम प्रकाश व डॉक्टर समीम ,डॉक्टर शासस्वत के साथ समस्त स्टाफ व समाजसेवी अजय कांत ओझा मौजूद रहे।



## इग्नू प्रवेश तिथि 10 मार्च तक

**प्रतापगढ़।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जनवरी 2023 के दाखिले और री-रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि बढ़ा कर 10 मार्च कर दी है। एमडीपीजी कालेज में जागरूकता अभियान के दौरान यह जानकारी इग्नू प्रतापगढ़ के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि इग्नू का मूल उद्देश्य दूर दराज के लोगों तक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को पहुँचना है। इग्नू के डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स रोजगारपरक होने के साथ साथ कौशल विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही सरकारी तथा गैर सरकारी पदों पर कार्यरत व्यक्तियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने का कार्य इग्नू के दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के माध्यम से किया जाता है। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने बताया कि इग्नू की डिग्री भारत ही नही पूरे विश्व में मान्य है। जनवरी 2023 में स्नातक में प्रवेश लेने वाले एससी/ एसटी विद्यार्थियों के लिए मुख्य फीस माफ की गयी है,

# फांसी का फंदा लगाकर दम्पत्ति ने की आत्महत्या, कोहराम

## मृतका के पिता ने पुलिस को सौपी हत्या की तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पति एवं पत्नी की फंदे से फांसी लगाकर मौत को लेकर शनिवार को परिजनों में कोहराम मच गया। वही पुलिस ने दम्पति के शवो को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। हालांकि घटना को लेकर मृतका के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर पुत्री एवं दामाद की हत्या किये जाने का आरोप लगाया है।

सांगीपुर थाना के सेमरी देउम पूरब गांव निवासी लक्ष्मण सरोज का पुत्र सोनू सरोज 32 व उसकी पत्नी मिथिलेश 30 शुक्रवार की रात एक संदिग्ध परिस्थितियों मे एक कमरे मे फांसी के फंदे से कुछ अंतराल पर अलग अलग झूलते मिले। परिजनो के मुताबिक सोनू शुक्रवार की रात अपने भतीजे रवि के यहां शादी के कार्यक्रम को लेकर हुए खाने पीने के आयोजन के बाद अपने घर मे सोने चला आया। कुछ देर बाद खाना खाकर पत्नी मिथिलेश भी कमरे मे सोने के लिए पहुंची तो पति सोनू को धन्नी के सहारे साडी के फंदे से से झूलता देख आवाक रह गयी। मिथिलेश ने रोते बिलखते चाकू से साडी का फंदा काटकर पति को नीचे उतारा। पत्नी ने उस पर पानी के छीटें भी फेंके पर जब सोनू की सांसे थमी देखा तो दहाड मारकर रोने लगी।

इस बीच सोनू की मां दुर्गा बहू का विलाप सुनकर वहा पहुंची। बेटे को मृत देख दुर्गा भी रोने बिलखने लगी। परिवार के सदस्य तथा आसपास के लोग घर मे रोने की आवाज सुनकर वहां पहुंचे। इसके बाद सोनू के शव को आंगन मे लाया गया। इधर सोनू के शव के पास लोग रो विलख रहे थे कि अचानक उसकी पत्नी मिथिलेश भी कमरे मे पहुंची और साडी का फंदा धन्नी से लगाकर झूल गयी। परिजन कुछ देर तक बहू को न देखकर उसकी खोजबीन की तो उसे भी फंदे पर झूलता देख आवाक रह गये। सास दुर्गा ने चाकू से बहू के साड़ी का फंदा काटा और रोते बिखलते शव बाहर निकलवाया। सूचना पर सांगीपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक पति पत्नी के शव को कब्जे मे लेकर शनिवार की सुबह पीएम के लिए भेजवाया है।

# श्याम भक्तों ने निकाली खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्याम भक्तों ने हर वर्ष की भाँति होली महोत्सव में खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा गोपाल मंदिर से प्रारंम्भ करते हुए बाबागंज हनुमान मंदिर से होते हुए किशोरी सदन तक निकाली।

यात्रा में मुख्य रूप से अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील गोयल, संजय खंडेलवाल, कमलेश अग्रवाल रवि अग्रवाल, शिवम खंडेलवाल जितेंद्र अग्रवाल, राहुल तुलस्यान, विशाल मातनहेलिया, विक्रांत खंडेलवाल, विनोद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल आदि शामिल हुए। श्याम सखी मंडल की महिला सदस्यों में रेखा गोयल, सुधा अग्रवाल, निधि मातनहेलिया अर्चना खंडेलवाल, मिली खंडेलवाल, अलका अग्रवाल पूजा अग्रवाल, नेहा अग्रवाल पिंकी खंडेलवाल, जया खंडेलवाल आदि निशान यात्रा में शामिल हुई।



खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा में शामिल श्याम भक्तगण।

# महंगाई और पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्यवृद्धि से जनता है परेशानः प्रमोद तिवारी

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष के बडे.भाई को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे प्रमोद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ईडी और सीबीआई से विपक्षियों को डरा रही है। केंद्र की सरकार बेरोजगारी और महंगाई की मार से देश की जनता भाजपा से त्रस्त हो चुकी है। उक्त बातें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने शनिवार को डॉ लाल जी त्रिपाठी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी के बड़े भाई स्वर्गीय शिवमूर्ति त्रिपाठी पूर्व बीडीओ के तेरहवीं कार्यक्रम में उनके पैतृक आवास अतरसंड, मदाफरपुर, प्रतापगढ़ में मीडिया के बीच कही।

इस मौके पर उन्होंने स्व.शिव मूर्ति त्रिपाठी के चित्र पर माला एवम पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए श्री तिवारी ने कहा गैस सिलेंडर के दामों में हुई वृद्धि का कुछ अंश ही सरकार के पास जाएगा शेष पैसा अदानी व अंबानी के पास जाय। तेरहवीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, पूर्व प्रदेश महासचिव, पीसीसी सदस्य पंडित श्याम किशोर शुक्ला, पीसीसी सदस्य कपिल दिवेदी, नगर अध्यक्ष इरफान अली, पीसीसी सदस्य डॉ प्रशांत देव शुक्ला, पीसीसी सदस्य डॉ नीरज त्रिपाठी, पंडित श्याम शंकर मिश्र एलाही, पूर्व वीडीओ विधि देव शुक्ला, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, विजय शंकर त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन प्रतापगढ़,पी. सी. सी सदस्य राम लवट यादव, पीसीसी सदस्य रोहित कुमार शुक्ला, मुब्बी माबूद, जमुना प्रसाद पांडेय,दानिश माबूद, मकरंद शुक्ला, आर. पी वर्मा, संजय पांडे,राम रतन तिवारी, प्रेम शंकर दिवेदी, ज्योति कुमार तिवारी, सलीम उल्ला, संजय इश्तियाक, उत्सव भूषण पाल, वेदांत तिवारी, नूर आलम, आशुतोष तिवारी,मनीष सिंह, अजय मौर्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।



शिवमूर्ति त्रिपाठी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते प्रमोद तिवारी।

## प्रमोद व मोना ने रामपुर खास में विकास की मजबूती पर दिया जोर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना एवं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने शनिवार को लालगंज के पूरे तिलकराम गांव में लोगों को करोड़ो की पेयजल योजना की सौगात सौपी। सांसद व विधायक ने लालगंज कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई भी की।

क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने शनिवार को स्थानीय ब्लाक के पूरे तिलकराम गांव में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत पीने के पानी की टंकी के निर्माण को लेकर समारोहपूर्वक भूमि पूजन किया। दो करोड़ उन्तीस लाख इक्हत्तर हजार की लागत से डेढ़ लाख लीटर क्षमतायुक्त शुद्ध पेयजल टंकी की सौगात पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे।

# शहर की मुख्य सड़कों व नाले-नालियों पर चला विशेष सफाई अभियान

## विशेष अभियान में लगाये गये 40 सफाई कर्मी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** होली नजदीक होने तथा खुषहाली के इस त्योहार पर साफ-सफाई रखने के लिये नगर में कई मुख्य सड़कों व नाले-नालियों पर नगर पालिका ने सफाई अभियान चलाया। आज शनिवार को नगर पालिका के 40 सफाई कर्मचारी सुबह से ही झाड़ू, फावड़ा तथा नाला क्लीनिक मषीन के साथ जिलाधिकारी आवास, सीएमओ आवास, कपूर चैराहा, चिलबिला ओवरब्रिज पर पहुंच गये थे।

जिलाधिकारी आवास से पीडब्ल्यूडी आफिस तक, सीएमओ आवास से शैल श्याम पैलेस तक, कपूर चैराहा से सदर बाजार मोड़ व चिलबिला ओवरब्रिज पर सफाई करने में दिन भर सफाई कर्मचारी जुटे रहे। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सफाई करने के बाद नाले-नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव भी किया गया। इस विषेष सफाई अभियान का निरीक्षण नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील तथा सफाई प्रभारी प्रषांत ने किया। बताया गया कि होली में शहर को साफ-सुथरा रखने की कोशिश की जा रही है।

## तहसील समाधान दिवस में रास्ता अवरुद्ध होने की एसडीएम से शिकायत

**रानीगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील समाधान दिवस में अधिवक्ता अनिल पांडेय की अगुवाई में बशीरपुर गांव के ग्रामीणों ने सार्वजनिक संपर्क मार्ग अवरूद्ध होने का शिकायती प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी रानीगंज को सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि उनके पुस्तैनी मकान से मुख्य मार्ग तक आने जाने के लिए एकमात्र रास्ता बनाया गया है जिससे कई वर्षो से लोगो का आवागमन होता था। इस रास्ते को विपक्षीगणों द्वारा जबरन दबंगई के बल पर गड्ढा खोदकर बंद कर दिया गया है जिससे लोगो का आवागमन पूर्ण रूप से बाधित हो गया है, जिससे करीब सैकड़ों घरों के लोग प्रभावित हैं। मरीजों को मुख्य मार्ग तक ले जाना मुस्किल हो रहा है।

# डिग्री कालेज कालाकांकर में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** एमएमपीजी कालेज कालाकांकर में शनिवार को दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि के रूप में आये कालेज के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण के साथ किया। खेलकूद प्रतियोगिता में अभिषेक सोनकर ने ट्रैक एड फील में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। 500 मीटर दौड़ में दिलीप कुमार, अभय प्रताप व त्रिभुवन कुमार प्रथम दि्वतीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में गोविंद कुमार, सुमित कुमार व आशीष मिश्रा प्रथम दि्वतीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में प्रथम द्धितीय व तृतीय संजू सोनम व स्वाती यादव ने बाजी मारी। इस अवसर कालेज के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव में सभी विजेता छात्र छात्राओं को स्वर्ण रजत एवं कोस्य पदक पहनाकर सम्मानित किया इस मौके पर उमेश कुमार, सत्येंद्र पांडेय,सर्वेश कुमार सिंह,प्रो0 विनीता सिंह, प्रो0 इन्दु रेखा सिंह,प्रो0 उग्रसेन सिंह, प्रो0 रामकरन,प्रो0 शिवभूषण गुप्ता,डॉ श्रष्टि ,डॉ ज्योति गुप्ता अफसार अहमद आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भूपेश प्रताप सिंह व आयोजक सचिव एस पी सिंह रहे। कालेज के शिक्षको ने सभी विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दिया।

# मेडिकल कालेज में युवक की मौत पर हंगामा, एम्बुलेंस रोकी

## रेफर करने के बाद एम्बुलेंस में हुई मौतः चिकित्सक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मेडिकल कालेज में मौत हो गई। आपरेशन थियेटर में डाक्टर उसके आपरेशन की तैयारी कर रहे थे, तभी उसकी सांस तेज हो गई। डाक्टरों का कहना है कि हालत गंभीर होने पर मरीज को प्रयागराज रेफर कर दिया। परिजन एंबुलेंस बुलाकर उसको उसमें लिटा दिए। इसी बीच उसकी मौत हो गई। मौत के बाद लोगों ने डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

मांधाता थाना के डांडी गांव का रंजीत चार दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हो गया, जिसमें उसका कूल्हा खिसक गया था। उसे राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार को उसके खिसके कूल्हे को बैठाने के लिए डाक्टर सचिन के कहने पर उसे ओटी में लाया गया। सूत्र बताते हैं कि ओटी में लाते ही उसे दौरे पड़ने लगे। सूचना पाकर डाक्टर सचिन ओपीडी से भागकर ओटी में पहुंचे। उसको आक्सीजन की नली लगाई गई।

परिजनों को बुलाकर मरीज की हालत के बारे में अवगत कराते हुए प्रयागराज ले जाने की सलाह दी। परिजनों ने फोन करके एंबुलेंस बुलाया। उसमें रंजीत को लिटाया गया। बताया जाता है कि बाद में उसकी मौत हो गई। वहां मौजूद लोगों के अनुसार परिजन यह नहीं तय कर पा रहे थे कि प्रयागराज जाए की सुल्तानापुर इसी चक्कर में काफी लेट हो गया। जब एम्बुलेंस चली तो कुछ लोग आगे आ गए और उसे रोक लिया। इस बीच मरीज की मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि मरीज पहले ही मर चुका था। हालांकि हंगामे के बाद पुलिस पहुंच गई। इस बारे में डाक्टर सचिन कुमार का कहना है कि आपरेशन नहीं हुआ था। उसके पहले ही ओटी में उसको दौरे पड़ने लगे। उसे रेफर किया गया। इलाज में कोई लापरवाही नहीं हुई है। आरोप बेबुनियाद है। पुलिस का कहना है कि उन्हें परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।



युवक की मौत पर एम्बुलेंस रोकते तीमारदार।

# समस्याओं के निस्तारण में सुस्ती देख समाधान दिवस में चढ़ा डीएम व एसपी का पारा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** समस्याओं के निस्तारण मे अफसरो की लापरवाही को लेकर शनिवार को यहां डीएम व एसपी का पारा पूरे समाधान दिवस मे चढ़ा दिखा। समाधान दिवस मे एक सौ पचहत्तर शिकायते आयी। इनमे से डीएम व एसपी की डांट फटकार के तहत मातहत अफसरो ने सात समस्याओ का निस्तारण कराया।

समाधान दिवस मे डीएम डा. नितिन बंसल जमीनी विवाद मे चकबंदी तथा तहसील प्रशासन के बीच कई मामलो मे समन्वय न देखकर भडक उठे। डीएम ने तहसीलदार तथा चकबंदी विभाग के सीओ को कडी फटकार लगाई। वही जिलाधिकारी का पारा तब और चढ गया जब समाधान दिवस मे कुछ फरियादियो ने उनसे शिकायत की कि पिछले समाधान दिवस मे भी प्रार्थना पत्र दिया गया पर आज तक मौके पर अफसर नही पहुंचे। इन मामलो मे कागजी निस्तारण की बात सुनकर भी डीएम खफा हो उठे। टोडरपुर के कृष्ण कुमार पाण्डेय की पत्नी लखपती ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी जमीन पर विपक्षियो ने जबरिया कब्जा कर रखा है। नायब तहसीलदार के मौके पर जाने के बावजूद अभी तक निस्तारण नही हो सका। उदयपुर थाना के खानीपुर खुसई हंसराज की पत्नी सूरसती ने दिये गए शिकायती पत्र मे कहा कि एसडीएम के आदेश के बावजूद उसके जमीनी विवाद के समाधान को लेकर आज तक नायब तहसीलदार मौके पर नही पहुंच सके है। जिलाधिकारी ने एसडीएम से इस प्रकार की लापरवाही पर नाराजगी जतायी। वही पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल भी मातहतो के द्वारा छोटे मोटे विवाद मे थाना स्तर पर ढिलाई को लेकर नाराज देखा गया। एसपी ने उदयपुर तथा लीलापुर थानाध्यक्षो को प्रार्थना पत्रो के निस्तारण मे शिथिलता बरतनें पर फटकार भी लगायी। सीडीओ ईशा प्रिया ने विकास विभाग से जुडी शिकायतो की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों से निस्तारण आख्या भेजवाये जाने को कहा। समाधान दिवस मे सर्वाधिक शिकायते राजस्व की पैसंठ, पुलिस पचास, विकास विभाग तीस, समाज कल्याण दस, बेसिक शिक्षा पांच व अन्य पन्द्रह रहीं। तहसील दिवस का संचालन एसडीएम उदयभान सिंह व संयोजन तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर सीएमओ डा. जीएम शुक्ला, सीओ रामसूरत सोनकर, ईओ पदमजा मिश्रा, बीडीओ सांगीपुर अपर्णा सैनी, अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता आदि रहे।

अफसरों ने सात शिकायतो का किया निस्तारण

# निकाय चुनाव को लेकर भाजयुमो की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** निकाय चुनाव के संबंध में भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रतापगढ़ की बैठक भाजपा कार्यालय टेऊंगा में सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, अध्यक्षता भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, संचालन महामंत्री सुजीत पाण्डेय ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सभी पंचायतों और नगर पालिका में भव्य युवा सम्मेलन कराना और युवाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ना है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने प्रदेश के निर्देश पर सरल एप, सोसल मिडिया पर सक्रियता, प्रत्येक मण्डल पर 5 लोग जो सोसल मिडिया पर सक्रिय हो और युवा सम्मेलन कराना चुनाव में हिस्सा लेना है। इस मौके पर जिला महामंत्री नीतिश, अश्वनी, सुनिल, विक्रम, मनोज, अवनीश, अर्पित, सुनील, रजनीश, कुमुद, रोहित, चंचल, विनय, निहाल, प्रिंस, सौरभ, विकास, शैलेष, विजय, सर्वेश सिंह, सोनू, सचिन, अविनाश, अवनीश, शिव एवम समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र का स्वागत करते भाजयुमो पदाधिकारी।

## अंतिम दिन रसायन विज्ञान में 4926 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं आज समाप्त हो गई। अंतिम दिन शनिवार को प्रथम बेला में इंटर व्यवसायिक में 683 परीक्षार्थियों ने तथा द्वितीय बेला में इंटर रसायन विज्ञान की परीक्षा में 38463 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इंटर व्यवसायिक में 48 तथा इंटर रसायन विज्ञान में 4926 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# युवा अपना तथा अपने माता-पिता का सपना करें साकारः सांसद

## प्रतापगढ़ सांसद द्वारा हुआ युवा उत्सव का शुभारम्भ, विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र का किया गया वितरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि युवा अपना तथा अपने माता-पिता का सपना साकार कर समाज, प्रदेश तथा देश का नाम रोशन करें। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि युवाओं की प्रतिभा को कला कौशल के माध्यम से निखारना। सांसद आज यहां नेहरू युवा केन्द्र प्रतापगढ़ द्वारा अफीम कोठी में आयोजित युवा उत्सव का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। सांसद ने प्रारम्भ में विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा आई0टी0आई0, बाल विकास एवं पुष्टाहार, कृषि विभाग, कृषि रक्षा, पंचायती राज, स्वास्थ्य, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों, जन शिक्षण संस्थान तथा पुष्पांजलि के मसाला उद्योग स्टालों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर उन्होने प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार वितरित किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुये सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का आवाहन किया। कार्यक्रम के नोडल जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र तथा प्राचार्य आईटीआई बीबी सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के उप निदेशक समर बहादुर सिंह ने सांसद, सदर विधायक तथा आयोजन समिति के सदस्यों व निर्णायक मण्डल के सदस्यों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। उन्होने मुख्य अतिथि को बुके भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर नेहरू युवा केन्द्र के लेखाकर विनय कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा युवा उत्सव की विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य, युवा कल्याण अधिकारी केके सिंह, प्राचार्य ग्राम्य विकास संस्थान शिव प्रकाश, पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0बी0 सिंह, प्रोफेसर पीयूषकान्त शर्मा, एंजिल्स स्कूल की प्राचार्या साहिदा, जन प्रशिक्षण संस्थान के यू0पी0 सिंह, साहित्यकार दयाराम रत्न मौर्य व नेहरू युवा केन्द्र के शिवम, विश्वजीत सिंह आदि ने मुख्य अतिथि को माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शासकीय अधिवक्ता विवेक उपाध्याय ने किया।

## खबर संक्षेप

### निरोधात्मक कार्यवाही में 06 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से एक, थाना कौशाम्बी से दो थाना सैनी से दो थाना कड़ाधाम से एक कुल 06 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

### चार वारण्टी अभियुक्त किये गये गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त मुलायम सिंह पुत्र राम कृपाल निवासी दुगौली थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा दो वारटी अभियुक्त कमलेश पासी पुत्र मसुरियादीन निवासी व थाना कोखराज व जगपत उर्फ जगत पुत्र हीरालाल निवासी बघेलापुर थाना कोखराज व राजकरन पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी चंदीपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# मण्डलायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने तहसील सिराथू में सुनी जनशिकायातें

**राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर शिकायत को करे निस्तारित : मण्डलायुक्त**

**कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त, प्रयागराज विजय विश्वास पंत एवं पुलिस महानिरीक्षक चन्द्र प्रकाश ने तहसील सिराथू में जनशिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। मण्डलायुक्त ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दियें सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें इसी तरह जिले के अन्य दोनो तहसीलों



जनसुनवाई करते मण्डलायुक्त डीएम एवं पुलिस महानिरीक्षक

में भी तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया है जहां संबंधित एसडीएम और अन्य अधिकारियों ने फरियादियों की जन समस्याओं को सुनकर निस्तारित करने के निर्देश दिया है।

### विवाहिता को भगाकर दूसरी युवती से रचाई शादी, पत्नी ने की शिकायत

**कौशाम्बी।** थाना पुलिस संदीपन घाट को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में विवाहिता शीलू देवी पत्नी अजीत कुमार निवासी ग्राम मुजाहिदपुर, मजरा पल्हाना, थाना संदीपन घाट ने बताया कि उसकी शादी दिनांक 19 जुलाई 2019 को हिन्दू रीति रिवाज के साथ मय इकरार नाम अजीत कुमार पुत्र पितम्बर लाल नि0 मुजाहिदपुर के साथ हुयी थी शादी के बाद 1 वर्ष तक सब कुछ ठीक ढंग से चलता रहा और वह अपने पत्नी धर्म का पालन करती चली आ रही है किन्तु कुछ दिन के बाद अजीत कुमार मारपीट कर प्रताडित करने लगा और 1 वर्ष पूर्व मारपीट कर उसने विवाहिता को अपने घर से भगा दिया तब से आज तक कोई खोज खबर नही लिया विवाहिता अपने मायके में रहकर जीवन बिता रही है दिनांक 03 मार्च को अजीत कुमार ने दूसरी शादी कर ली और दूसरी पत्नी को घर ले आया है। इस बात की जैसे ही जानकारी विवाहिता को मिली वह पुलिस के पास पहुंच गयी विवाहिता का कहना है कि दूसरी पत्नी लाने की जानकारी मिलने के बाद उसने पति के पास फोन करके जानकारी लेना चाही तो पति ने गाली गलौज देते हुए कहा कि अगर दूबारा फोन किया तो तुझे जान से हाथ धोना पडेगा, महिला ने पुलिस को सूचना देकर अपने पति पर कार्यवाही की मांग की है।

# जनपद के समस्त नगरीय निकायो की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के लिए समय-सारणी जारी

अखंड भारत संदेश

**अर्ह नागरिक आयोग की बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर अपना नाम निर्वाचन नामावली में करें दर्ज**

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) सुजीत कुमार ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जनपद के समस्त नगरीय निकायां की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के लिए समय-सारणी जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 10 मार्च 2023 को किया जायेंगा। इसी प्रकार 11 मार्च से 17 मार्च तक ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण तथा दावे एवं आपत्तियॉ प्राप्त की जायेंगी, 18 मार्च से 22 मार्च तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण, 23 मार्च से 31 मार्च तक दावे एवं आपत्तियॉ के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की पाण्डुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें पूरक सूची में यथा स्थान समाहित करने की कार्यवाही एवं 01 अप्रैल 2023 को अन्तिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियो का जनसामान्य के लिए प्रकाशन किया जायेंगा। उन्होंने बताया कि ऐसे अर्ह नागरिक जो 01 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहें हैं, उनके द्वारा अपना नाम निर्वाचक नामावलियो में सम्मिलित किये जाने के लिए प्राप्त दावों को स्वीकार करते हुए निर्वाचक नामावली में नियमानुसार सम्मिलित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। मतदाता अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए 11 मार्च से 17 मार्च 2023 तक की अवधि में आयोग की बेवसाइट पर भी ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यवाही पूर्ण करायी जायेगी।

# सांसद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

**अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस :**

**महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं का सशक्तिकरण एवं महिलाओं का सम्मान केन्द्र व प्रदेश सरकार की सर्वाच्च प्राथमिकता : सांसद**

**बाल कलाकारों को सम्मानित कर किया उत्साहवर्धन**

**कौशाम्बी।** सांसद विनोद सोनकर ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उदयन सभागार में आयोजित गपशप लन्च कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया तथा बाल कलाकारों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया सासंद ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं का सशक्तिकरण एवं महिलाओं का सम्मान केन्द्र व प्रदेश सरकार की सर्वाच्च प्राथमिकता है उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनायें संचालित कर रहीं है तथा बेटियों के जन्म से लेकर शिक्षा एंव विवाह तक चिन्ता कर अनेक कल्याणकारी योजनायें भी संचालित कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि गरीब मॉ को अब अपनी बेटी के विवाह की चिंता करने की जरूरत नहीं है, प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विवाह करा रही हैं। उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा सभी पात्र लोगों को जाति, धर्म, क्षेत्र एवं सम्प्रदाय के आधार पर बिना भेद-भाव किये लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला मुखिया के नाम पर प्रधानमंत्री आवास दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 09 करोड़ से ज्यादा लोगों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, 3.5 करोड़ से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास, 11 करोड़ से ज्यादा लोगो को आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा एवं 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को निःशुल्क राशन देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मन्दिर



कार्यक्रम में बोलते सांसद

बन रहा है तथा वाराणसी में काशी कॉरिडोर का भी विकास किया गया है। गपशप लन्च कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं, बालिकाओं एवं स्थानीय कलाकारों को शामिल कर वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं लैंगिक समानता के प्रति जनसमुदाय को जागरूक किया। महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं बेटी बचाओ-बेटी पढाओ से सम्बन्धित गीत प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा प्रेम चन्द्र चौधरी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक उपाध्याय, सदस्य बाल कल्याण समिति, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, महिला कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# रेलवे लाइन पर युवक का मिला क्षत विक्षत शव,नहीं हुई शिनाख्त

अखंड भारत संदेश

**मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी**

**कौशाम्बी।** जिले के चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन पर एक युवक का क्षत विक्षत शव मिलने से सनसनी मच गई,युवक का शव कई टुकड़ों में मिलने की जानकारी के बाद हड़कंप मच गया,सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई,ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच में जुट गई। खबर लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटना चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावा के पास की है जहा शनिवार की सुबह रेलवे लाइन पर एक युवक का क्षत विक्षत शव मिला है शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है काफी प्रयास के बाद भी मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई।

### 9 वर्षीय बच्ची की तालाब में डूबने से मौत

**कौशाम्बी।** जनपद के थाना संदीपन घाट क्षेत्र के जलील पुर गांव के भोला की 9 वर्षीय लड़की प्रियंका थाना चरवा क्षेत्र के सिरियांवाकला गांव में अपने बुआ के यहां एक हफ्ता पहले गई थी आज दिनांक 4 मार्च 2023 को समय करीब 9:00 बजे बालिका शौचक्रिया के लिए सिरियांवाकला गांव के तालाब की तरफ गई थी अचानक लड़की के पैर फिसल जाने से वह तालाब में डूब गयी जिससे लड़की की मौत हो गई है मौत की सूचना परिवारी जनों को मिलते ही मातम छा गया परिवारी जन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे लड़की की मौत की सूचना लड़की के पिता ने स्थानीय थाना चरवा में लिखित तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग उठाई है।लड़की की मां गूंगी है।

### किशोरी के साथ अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोप

**दो दिन बाद वापस लौटी किशोरी शिकायत पर आरोपी और उसके पिता दे रहे धमकी**

**कौशाम्बी।** जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में एक नाबालिक किशोरी के साथ युवक पर अपहरण के बाद दुष्कर्म करने का आरोप लगा है,आरोपी पर अपहरण और दुष्कर्म किए जाने के बाद किशोरी को दो दिन बाद वापस घर के बाहर छोड़ जाने का आरोप लगा है,पीड़ित किशोरी के पिता ने गांव के ही एक युवक पर अपहरण और दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।आरोप है कि पुलिस से शिकायत के बाद आरोपी के पिता ने सुलह करने के लिए फोन कर धमकी दे रहे है परेशान पिता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पिपरी थाना क्षेत्र की एक 15 साल की नाबालिग किशोरी का गांव के ही युवक विवेक सिंह ने अपहरण कर लिया और दुष्कर्म किया और दो दिन तक अपने पास रखे रहा,दो दिन बाद किशोरी को उसके घर के बाहर छोड़कर फरार हो गया।दो दिन बाद जब किशोरी ने घर पहुंचकर अपनी आप बीती सुनाई तो परिजनो में हड़कंप मच गया,पीड़िता किशोरी के पिता ने पिपरी थाना पुलिस से इसकी शिकायत की है।पीड़िता के पिता का आरोप है कि आरोपी के पिता फोन कर धमकी दे रहे है,पीड़िता के पिता ने पुलिस से आरोपियों पर करवाई करने और न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

### शीतला माता मंदिर दर्शन करने गयी महिला से हुई घिनौनी हरकत

**अझुवा कौशाम्बी।** दक्षिणा कम होने से खपा हुआ पुजारी महिला को मारा जोरदार तमाचा दूसरे दिन महिला ने स्थानीय थाने में गुहार लगाकर कार्रवाई की मांग की है। बीते कल शुक्रवार को रेखा सेन पत्नी कैलास सेन निवासी गौसपुर नवावां थाना कड़ा धाम अपने परिवार नात रिश्तेदारों के साथ दर्शन पूजन करने शक्ति पीठ कड़ा धाम शीतला माता मंदिर गयी थी मन्दिर परिसर में मुख्य मूर्ति के पीछे एक पंडा रँचो पुत्र बबलू पंडा ने दक्षिणा के रूप में 551 रु की मांग की महिला ने कहा उसके पास इतने पैसे नही हैं यह कहकर 11 रुपये देने लगी इतने में रँचो पुजारी उसका प्रसाद फेंक दिया गाली गलौज करते हुए कहा जब पैसे नही है तो आयी क्यों मन्दिर परिसर से ढकेलने लगा विरोध करने पर महिला के गाल पर जोरदार तमाचा जड़ दिया और साथ मे रही महिलाओं और लड़कियों से अभद्रता पूर्ण व्यवहार करने लगा दबंग पंडा ने तमाम गाली गलौज कर धमकी देता रहा महिला ने कड़ा धाम थाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है अल्टीमेटम दिया यदि पुलिस कार्रवाई नही करती तो प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मिलकर शिकायत करेगी जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

### शराब के साथ पांच अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाए जा रहे अवैध शराब के निर्माण एंव तस्करी के विरुद्ध अलग अलग थानों द्वारा पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 43 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है। थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त श्याम लाल पुत्र जंगी सरोज निवासी चकिया मजरा रामपुर धमावा थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त श्री चन्द सरोज पुत्र स्व0 रामदीन निवासी चम्पा बाजार थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 8 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त माया देवी पत्नी राम प्रसाद निषाद निवासी रसूलपुर ब्यूरो थाना पिपरी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त हरिलाल पुत्र स्व० कन्हई लाल निवासी नट बाबा का उ0नि० राजेन्द्र डेरा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 7 लीटर अवैध शराब व सम्पत पुत्र दिनई निवासी अंधावा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 8 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# ध्वस्त नालियां,बहता गंदा पानी नगर पंचायत अझुवा की बनी पहचान

अखंड भारत संदेश

**जिम्मेदार बने मूकदर्शक, कमीशन खोरी मुख्य वजह**

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नं 12 नयानगर, वार्ड 2 अम्बेडकर नगर सहित सभी वार्डों में नालियां ध्वस्त होने के कारण गंदे पानी के निकासी की समस्या हो गयी है घरों से निकला गंदा पानी मुख्य मार्ग पर फैला रहता है इससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है लोग संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका से भी भयभीत रहते हैं वार्ड नं 12 नयानगर मुख्य मार्ग में छोटे छोटे स्कूली बच्चे, नगर का व्यस्त मार्ग होने से लोगों का दिन भर आनाजाना लगा रहता है लोगों ने नगर प्रशासन के कई बार शिकायत की वहीं वार्ड वासियों ने इस दुर्व्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिशाषी अधिकारी पर उपेक्षा का आरोप लगाया है वार्ड वासियों एवम



निवर्तमान सभासद फूलचन्द्र केसरवानी के अनुसार 10 /5/2021 को जलनिकासी हेतु शायरी माता तिराहे से टेण्डरी तिराहे तक सीमेंटेड नाला हेतु 14 लाख से अधिक धन का टेंडर किया गया था जिसका आज तक निर्माण नही हुआ नाला निर्माण हो जाने से जल निकासी गंदे पानी के जल भराव से छुटकारा मिल जाएगा किंतु नगर प्रसाशन और प्रशासक पता नही किन कारणों से नाला निर्माण नही करवा रहा है।

## न्यूज झरोखा

### बैटरा ,चार्जर खोल कर ई- रिक्सा खंती में ढकेल चोर हुए फरार



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा से मनबढ़ चोरों ने ई - रिक्सा को कस्बे से दूर ले जाकर बैटरा और चार्जर खोल कर ई-रिक्सा को खंती में ढकेल कर फरार हो गए। आनंद कुमार पुत्र स्व गरीब दास निवासी वार्ड नं 7 नगर पंचायत अझुवा ई- रिक्सा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं बीती शाम को अपना ई-रिक्सा अझुवा फिलिंग स्टेशन नेशनल हाइवे के बगल अपने घर के सामने खड़ा कर सो गए पीड़ित ने बताया देर रात ई -रिक्सा खड़ा था भोर लाइट कटने के बाद चोर रिक्से को डायरेक्ट कर स्टार्ट कर ले गए।आज सुबह तलाशने पर उसका ई- रिक्सा नेशनल हाइवे अमिरतापुर के सामने खंती में ढकेला हुआ था उसकी 4 बैटरियां और चार्जर गायब मिला जिसकी तहरीर पीड़ित ने अझुवा पुलिस चौकी में देकर कार्रवाई की मांग की है

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा रात्रीगस्त वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त ओम प्रकाश उर्फ असगर पुत्र राम चन्द्र निवासी नटन का डेरा मजरा मघवा मई थाना सैनी को एक अदद तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरतार कर गिरतारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र शीतला प्रसाद निवासी सैता थाना संदीपनघाट को एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 124 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# बेखौफ लकड़ी माफियाओं ने काट दिया विशालकाय शीशम का हरा पेड़

अखंड भारत संदेश



**लकड़ी माफिया के साथ-साथ इलाके के एक आरा मशीन संचालन की भूमिका सवालों के घेरे में, दर्जनों मजदूरों को लगाकर पेट्रोलिंग आरा मशीन से पेड़ काटने वाले लकड़ी माफिया और मजदूरों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग**

**कौशाम्बी।** बेखौफ लकड़ी माफियाओं ने विशालकाय शीशम का हरा पेड़ काट दिया है और वाहन में भरकर हरे पेड़ की काटी गई लकडियो को लकड़ी माफिया मजदूरों के सहयोग से उठा ले गए हैं विशालकाय हरे पेड़ को काटने में लकड़ी माफियाओं ने पेट्रोलिंग आरा मशीन का प्रयोग किया है बताया जाता है कि विशालकाय हरा पेड़ को काटने में लकड़ी माफियाओं ने दर्जनों मजदूरों को लगाया था खुलेआम हरे पेड़ काटे जाने के बाद भी वन विभाग से लेकर थाना पुलिस तक अनजान बनी रही खबर लिखे जाने तक लकड़ी माफियाओं और उनके मजदूरों पर मुकदमा दर्ज करके लकड़ी बरामद करने का प्रयास पुलिस और वन विभाग ने शुरू नहीं किया है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत समसपुर के मजरा कृष्णा डोली गांव में एक विशालकाय शीशम का हरा पेड़ लकड़ी माफियाओं ने काटकर ध्वस्त कर दिया है पेट्रोलिंग आरा मशीन से हरा पेड़ को काटने के बाद लकड़ी माफियाओं ने वाहन में लकड़ियां भर कर उठा ले गए हैं पेड़ कट जाने और लकड़िया ले जाने के बाद भी वन विभाग से लेकर चरवा पुलिस अनजान बनी रह गई है इलाके में लकड़ी माफियाओं का हरे पेड़ को काट कर उठा ले जाने का प्रतिदिन का खेल हो गया है बताया जाता है कि थाने के कुछ पुलिसकर्मियों की लकड़ी माफियाओं से बेहद सांठगांठ है जिससे इलाके में आए दिन हरे पेड़ों को काटकर उसकी लकड़ी भी वाहन में भरकर लकड़ी माफिया उठा ले जाने में कामयाब हो रहे हैं इलाके के लोगों ने डीएम एसपी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लकड़ी माफिया के साथ साथ वाहन चालक वाहन मालिक और दर्जनों मजदूरों पर मुकदमे और जुमार्ना वसूली की कार्रवाई करते हुए हरे पेड़ की काटी गई लकड़ी को बरामद करने की मांग की है ग्रामीणों ने कहा है कि इस मामले में क्षेत्र की एक आरा मशीन संचालक की भी भूमिका सवालों के घेरे में है और आरा मशीन संचालक के कारनामों की जांच करते हुए उसके आरा मशीन से लकड़ी बरामद कराई जाए और आरा मशीन संचालक पर भी मुकदमा दर्ज किया जाए।

### सीएमओ कार्यालय के भ्रष्ट कार्य प्रणाली से डिग्री विहीन डॉक्टर से इलाज कराने को मजबूर जनता!

**जनमानस की हो रही मौत धृतराष्ट्र बने सीएमओ कार्यालय के जिम्मेदार**

**कौशाम्बी।** तहसील चायल क्षेत्र के नेवादा विकास खंड के पेराई तिल्हापुर मोड़ में बिना किसी डॉक्टरी की डिग्री लिए हुए ही डॉक्टर बनकर बड़े-बड़े मर्जो का इलाज एक अशिक्षित डॉक्टर द्वारा किया जा रहा है। अशिक्षित डॉक्टर द्वारा बेधड़क बगैर किसी डर के अपने नाम का बड़े बड़े अक्षरों में हॉस्पिटल का बोर्ड लगा कर बड़े-बड़े गंभीर मर्जो का इलाज तथा माइनर से लेकर मेजर ऑपरेशन तक गंभीर से गंभीर इलाज किया करता है जिससे अधिकांश लोगों की इलाज के दौरान मौत भी हो जाया करती है जब राज हॉस्पिटल के डॉक्टर राज गुप्ता से पूछा गया कि आपके पास कौन सी डिग्री है और आप किस डिग्री के दम पर इतने बड़े बड़े गंभीर मरीजों का इलाज करते हैं और आप के इलाज से अधिकांश लोगों की मौत हो जाया करती है तब डॉक्टर राज गुप्ता ने बताया कि जनपद में हमारे जैसे बहुत से डॉक्टर हैं जिनके पास डिग्रीया नहीं है और वह भी लोगों का इलाज कर रहे हैं लोगों द्वारा डॉक्टर कहे जाने वाले डिग्री विहीन राज गुप्ता से उनकी डिग्री पूछने पर जोर दिया गया तो उन्होंने बताया कि कोई डिग्री नहीं है इस कथन की सत्यता की जानकारी सीएमओ कार्यालय द्वारा राज हॉस्पिटल के डॉक्टर की गंभीरता से जांच करते हुए कार्यवाही किया जाना जनहित में अति आवश्यक है जिससे 1 वर्ष में दर्जनों से अधिक होने वाली मौतों को रोका जा सके।

**डॉक्टर पर लग चुके हैं कई गंभीर आरोप :** सीएमओ कार्यालय द्वारा बिना डिग्री के डॉक्टर से क्षेत्र की जनता का इलाज कराए जाने से सैकड़ों लोग काल के गाल में समा चुके हैं ऐसे डिग्री बहिन डॉक्टर के इलाज से 1 वर्ष में दर्जनों गर्भवती महिलाओं तथा अन्य कई मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो जाया करती हैं जिसकी शिकायत परिजनों द्वारा सीएमओ कार्यालय से कई बार की गई है लेकिन पैसे की लालच में धृतराष्ट्र बन चुके सीएमओ कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा लोगों के परिजनों के मौत का कारण डॉक्टर के इलाज को जांच का विषय नहीं बनाया गया सीएमओ कार्यालय को कई लोगों ने ऑनलाइन आईजीआरएस के माध्यम से शिकायतें की है लेकिन आईजीआरएस जैसी शासन की महत्वपूर्ण शिकायत योजना को भी अपने भ्रष्टाचार के दम पर अपने मनमाने तरीके से निस्तारित कर शिकायतकर्ता के मनोबल को तोड़ने जैसा काम अक्सर किया जा रहा है। अपने परिजनों के मौत के अफसोस में वह शासन के न्याय प्रणाली को कोसता रहता हैं ।जनता ने जिला अधिकारी को संज्ञान लेने की गुहार लगाई है जिनसे जनमानस का जीवन सुरक्षित हो सके।

संपादकीय

## रुस-युक्रेन युद्ध पर पापी अमेरिकन कूटनीति

जी 20 की बैठक के दौरान भारत और अमेरिका में प्रमुख अमेरिकन नेताओं के द्वारा रुस-युक्रेन युद्ध के प्रति भारत को गलत बयान देने के लिए उकसाना जारी है ! भारतीय प्रधानमंत्री के द्वारा एक मुलाकात के दौरान सार्वजनिक मंच पर युद्ध को लेकर रुसी राष्ट्रपति से कही गई बात, यह युद्ध का नहीं कूटनीति का समय है, का बार-बार जिक्र करना भारत-रुस मित्रता में खटास लाने वाली अमेरिकन बदनीयती की स्पष्ट कूटनीतिक चाल है ! अब जबकि जी 20 की अहम बैठक में आए अमेरिकन विदेश मंत्री का भी पूरा जोर रुस-युक्रेन युद्ध को लेकर भारतीय तटस्थता की विदेश नीति को तोड़ने, डिगाने पर है तो अब भारत को रुस-युक्रेन युद्ध को लेकर एक स्पष्ट नैतिक और कूटनीतिक बयान देने की जरूरत है । भारत को कहना चाहिए कि वह रुस-युक्रेन युद्ध का समापन करना चाहता है पर इसके लिए उनसे संबंधित सभी देशों को युद्ध की समाप्ति और वैश्विक शांति के लिए परिस्थितिजन्य प्रयास करने की जरूरत है । जब तक वे दोनों तरफ की चिंताओं और आशंकाओं को समझकर अपनी नीतियों और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष समर्थन और विरोध में आवश्यक बदलाव नहीं लाएंगे, युद्ध विराम और समाप्ति संभव नहीं । युद्ध विराम और समाप्ति सिर्फ शांति की बातों से नहीं, शांति की जरुरी नीति नीयत और प्रयासों से ही संभव है । वैश्विक शांति के पक्षधर हर देश के साथ वैश्विक बिरादरी को यह बात बखूबी जानने और समझने की जरूरत है ! उसे पूरी स्पष्टता और दृढ़ता के साथ कहना चाहिए कि शांति की बात और उकसावे की कार्रवाई साथ-साथ करना वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए घोर अपराध, व्यर्थ और घातक है । जिससे विश्व के किसी भी जिम्मेवार देश को बचना चाहिए । गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से कई प्रमुख अमेरिकन नेता और मंत्री अमेरिका और भारत में लगातार भारत की प्रशंसा करते हुए, उसे अपना वर्तमान और भविष्य का एक मुख्य सहयोगी बताते हुए इस बात का कूटनीतिक प्रयास कर रहे हैं कि भारत में आयोजित इस बैठक में आतिथ्य धर्म का निर्वाह करते हुए भारत रुस-युक्रेन युद्ध पर कोई ऐसी कोई प्रतिक्रिया या बयानबाजी करे जो रुस के विरुद्ध और उसके पक्ष में हो । उसके एक नेता ने तो बहुत खुलकर यह कह भी दिया कि भारत को रुस-युक्रेन युद्ध पर किसी एक पक्ष में खड़ा होना चाहिए । हालांकि इन उकसावे और दिखावे की अत्यधिक मित्रता और प्रभाव वाली बयानबाजी के बावजूद भारत ऐसी भूल या गलती नहीं करेगा, इसमें कतई संदेह नहीं है, पर अब भारत को चाहिए कि वह रुस-युक्रेन युद्ध पर ज्यादा स्पष्टता और चतुराई से इस युद्ध की वास्तविकता के साथ इसके संकट और समाधान पर अपनी राय रखे।

## चोंचलों की दुनिया

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

आजकल फेसबुकिया निठल्लों पर कपल चैलेंज का भूत सिर चढ़कर बोल रहा है। बोल नहीं नाच रहा है। एंगल-बेएंगल थोपड़ा लिये फेसबुक पर अपनी किस्मत की कव्वाली करने पर तुले हैं। अब कौन समझाए कि कव्वाली और घरवाली में क्या फर्क है? कव्वाली में एक बार के लिए जुगलबंदी हो सकती है, लेकिन घरवाली के सामने जुबानबंदी के सिवाय कुछ नहीं। जुबान खुली कि नहीं बंदा जान से अनजान, नाम से गुमनाम और पल में शमशान तक पहुँचने में देर नहीं लगती। बावजूद इसके बहुत सारे फेसबुकिया शूर-वीरों में लाइककिंग बनने की ऐसी मराड़ मची है कि न उन्हें दिन का होश है और न रात का। जब देखो तब एक ही भूत सवार है- कपल चैलेंज। कपल चैलेंज न हुआ ऑस्कर अवार्ड हो गया। नौकर से लेकर तस्कर तक, जोकर से लेकर ब्रोकर तक और छुटकर से बड़कन तक सब में नाशपिटिया ससुरा फेसबुकिया का हव्वा सवार है। जो देखो वही मुँह उठाए चला आता है। मानो गैरों की शादी में अब्दुल्ला की जगह कपल को दीवाना बनना है।

एक दिन अचानक फेसबुकिया के मुँह पर लड़की के नाम से किसी लड़के ने कपल चैलेंज का पोस्टर चेप दिया। लिखा था- जो कोई माई का लाल है, उससे यह सवाल है कि आ जाना फलाना तारीख और टाइम को फेसबुकिया चैलेंज लेने। फेसबुकिया बाँकुरों के बीच सवाल ने ऐसा बवाल मचाया कि सबकी चाल बदली-बदली सी लगने लगी। सभी बताए तारीख और टाइम को फेसबुकिया अखाड़े में पहुँचे। कमाल की बात यह थी कि सबके सब चेहरे पर मुखौटा लगाए पहुँचे थे। कोई अपना चेहरा दिखाना नहीं चाहता था उन्हें डर था कि कोई उनकी नकल न कर ले। सभी अपने-अपने कपल के साथ कैट, डॉग, बुल वॉक करते हुए अपनी तस्वीरें चेपने लगे। चूँकि कोरोना काल था इसलिए कपल चैलेंज पर इसका असर साफ-साफ दिखायी दे रहा था। पहले एक कपल ने अपनी तस्वीर ऐसे चेपी जैसे उसे अमेरिका में प्रचार प्रसार के लिए बुलाया गया हो। तस्वीर में युवक अपनी पत्नी के पैर दबा रहा था और पत्नी रिमोट से चैनल। यह कपल तस्वीर कोरोना काल की आधी आबादी की सच्चाई बयान कर रही थी। तस्वीर चेपने वाले की जमकर तारीफ की जा रही थी, लेकिन पैरदबाऊ महाराज दबे पैर वहाँ से गायब नजर आए। किसी ने सब्जी के आगे पब्जी के लिए उदास लड़के की तस्वीर पोस्ट कर दी। सभी को लगा हो न हो यह चीन की ही चाल है। किसी ने यूट्यूब के जरिए कढ़ाई को कोयलाबाबू बनाने वाली लड़की की तस्वीर पोस्ट कर डाली। प्रतियोगिता मानो अपनी ऊफान पर था। लोगों को लगा इसी में से कोई विजेता होगा। लेकिन मास्कधारी प्रतियोगिता आयोजक ने पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त वाला पोस्टर चेप दी।

# भारत की प्रतिष्ठा धूमिल करने के राहुली प्रयास

**-ललित गर्ग -**



देश पर सर्वाधिक समय शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेशी की धरती पर होहल्ला मचाते हुए भारत की छवि को धूमिल करने का घृणित एवं गैरजिम्मेदाराना काम किया है। गांधी ने लंदन की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में पेगासस को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। वह देश में इस तरह की बातें करते ही रहे हैं कि मोदी सरकार के चलते भारतीय लोकतंत्र खतरे में है और सरकार से असहमत लोगों के साथ विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है। वह वहां यह भी कह गए कि भारत की सभी संस्थाओं और यहां तक कि न्यायालयों पर भी सरकार का कब्जा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके सरकार चलाने के तौर-तरीकों की तीव्र आलोचना की, जो महज खिसियाहट भरी अभद्र राजनीति का ही परिचायक नहीं था, बल्कि इसका भी प्रमाण था कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के लिए कोई किस हद तक जा सकता है, देश के गौरव को दाव पर लगा सकता है। राहुल गांधी ने जिस तरह प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया, क्या वह देश के सर्वोच्च राजनीतिक दल की गैर जिम्मेदाराना राजनीति का परिचायक नहीं है?

राहुल गांधी ने यह बात ठीक उस वक्त कही, जब कुछ ही घंटे पहले सर्वोच्च न्यायालय ने दो ऐसे फैसले दिए थे, जो सरकार के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करते हुए भी देखे गए। एक फैसले के तहत उसने निर्वाचन आयोग के आयुक्तों की नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को भागीदार बनाया और दूसरे के तहत अदाणी मामले की जांच करने के लिए अपने हिसाब से एक समिति गठित की। सबसे हैरानी एवं दुर्भाग्य की बात यह रही कि राहुल गांधी ने पेगासस मामले को नए सिरे से उछाला और अपनी जासूसी का आरोप लगाते हुए यह हास्यास्पद दावा भी किया कि खुद खुफिया अधिकारियों ने उनसे कहा था कि उनका फोन रिकार्ड किया जा रहा है और उन्हें संभल कर बात करनी चाहिए। स्पष्ट है कि उन्होंने यह बताना आवश्यक नहीं समझा कि सुप्रीम कोर्ट की एक समिति ने इस मामले की जांच की थी और उसने यह पाया था कि उसके पास जांच के लिए आए फोन में से किसी में भी जासूसी उपकरण नहीं मिला। लगता है पेगासस राहुल के मोबाइल में नहीं, उनके दिमाग में है।

राहुल गांधी अक्सर भाजपा सरकार एवं नरेन्द्र मोदी के विरोध में स्तरहीन एवं तथ्यहीन आलोचना, छिद्रान्वेशन करते रहे हैं। ऐसा लगता है उनकी चेतना में स्वस्थ समालोचना के बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है। राहुल गांधी न सही, कम से कम उनके सहयोगियों और सलाहकारों को यह पता होना चाहिए कि उनकी घिसी-पिटी बातें और यह राग लोगों को प्रभावित नहीं कर रहा बल्कि देश को बर्बाद कर रहा है। विदेश की धरती पर ऐसी सारहीन, तथ्यहीन एवं भ्रामक आलोचना से दुनिया में भारत की छवि को भारी नुकसान पहुंचता है। राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता एवं नासमझी के अनेक किस्से हैं, अक्सर वे खुद को सही साबित करने के लिए छल का सहारा लेने में लगे रहते हैं। अफसोस केवल यह नहीं कि बिना किसी सुबूत राहुल गांधी झूठ का पहाड़ खड़ा करने में लगे हुए हैं, बल्कि इस पर भी है कि अनेक जिम्मेदार राजनेताओं ने उनकी झूठ की राजनीति में सहभागी बनना बेहतर समझा।

यही कारण है कि कांग्रेस एवं उसके अनर्गल प्रलाप में सहभागी बनने वाले राजनीतिक दल लगातार हार का मुंह देख रहे हैं, फिर भी कोई सबक लेने एवं सुधरने का प्रयास नहीं करते। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में कांग्रेस को जो पराजय मिली, वह उसके खोखले चिंतन, अपरिपक्व राजनीति, तथ्यहीन बयानों और दृष्टिहीनता का ही नतीजा है। राहुल गांधी अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के लिए किस तरह विदेश में देश को नीचा दिखाने पर तुले हुए हैं, इसका पता इससे चलता है कि उन्होंने यह कह दिया कि मोदी सरकार सिखों, ईसाइयों और मुसलमानों को दोयम दर्जे का नागरिक समझती है। यह एक किस्म की शरारत ही नहीं, देश की एकता को खंडित करने की कोशिश भी है। यह देश को तोड़ने एवं आपसी सौहार्द को भंग करने की कुचेष्ठा है। अच्छा होता कि कोई उन्हें यह बताता कि भाजपा ने ईसाई बहुल नगालैंड में केवल 20 सीटों पर चुनाव लड़कर 12 सीटों पर जीत हासिल की हैं। किसी को राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि वह भारत विरोधी एवं भारत के दुश्मन चीन का बखान करके भारत के जख्मों पर नमक छिड़कने का ही काम कर रहे हैं। यह एक तरह की सस्ती, स्वार्थी और एक तरह से देशघाती राजनीति है।

> यही कारण है कि कांग्रेस एवं उसके अनर्गल प्रलाप में सहभागी बनने वाले राजनीतिक दल लगातार हार का मुंह देख रहे हैं, फिर भी कोई सबक लेने एवं सुधरने का प्रयास नहीं करते। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में कांग्रेस को जो पराजय मिली, वह उसके खोखले चिंतन, अपरिपक्व राजनीति, तथ्यहीन बयानों और दृष्टिहीनता का ही नतीजा है।

राहुल गांधी भले ही नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार रूपी साफ-सुधरे ह्यआइनेह्न पर धूल जमी होने का ख्वाब देख रहे हो मगर असलियत में उसके ह्यचेहरेह्न पर ही धूल लगी हुई है जिसे उसे साफ करके ह्यआइनेह्न में अपना चेहरा देखना होगा। क्योंकि दुनियाभर के राजनेता एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति भारत एवं नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा कर रहे हैं, जी-20 के सम्मेलन में भाग लेते हुए दिल्ली में एक दिन पहले ही इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दुनियाभर में लोग प्यार करते हैं। इसी तरह माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के संस्थापक बिल गेट्स ने भी पिछले दिनों एक लेख लिखकर बताया कि भारत विश्व को विकास एवं शांति की राह दिखा रहा है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, रूस, जापान और इजरायल सहित अनेक देशों के प्रमुख राजनेता भारत के प्रयासों की सराहना कर चुके हैं। ऐसे में जब राहुल गांधी विदेश में जाकर प्रधानमंत्री मोदी, उनकी सरकार और अन्य संस्थाओं के संबंध में नकारात्मक टिप्पणी करते हैं, तब उनके बारे में क्या ही छवि बनती होगी? यह भी ध्यान में आता है कि राहुल गांधी भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर भी भरोसा नहीं करते हैं अपितु उन्हें भी नीचा दिखाने का प्रयास करते हैं। एक विदेशी संस्थान में यह कहना कि भारत में मीडिया और न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं रह गए हैं, यह उचित नहीं ठहराया जा सकता। राहुल गांधी बताएं कि वे किस आधार पर यह कह रहे थे? क्या न्यायपालिका ने यह कहा है कि वह स्वतंत्र नहीं है? या फिर मीडिया संस्थान और न्यायपालिका से लेकर चुनाव आयोग एवं अन्य संवैधानिक संस्थाएं भी कांग्रेस के झूठे आरोपों और वितंडावाद से परेशान हो चुकी है।

जब राहुल गांधी राफेल सौदे में गड़बड़ी को इंगित करते तब फिर वे क्या हासिल करने के लिए एक जरूरी रक्षा सौदे को संदिग्ध बता रहे थे? आखिर इससे उन्हें अपयश के अलावा और क्या मिला? उनकी नादानी की वजह से भारत की छवि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी धुंधलाती रही, यह बड़ा अपराध माना गया जो अक्षम्य भी था। भले सर्वोच्च अदालत इसके लिये राहुल को यह कहकर कि भविष्य में वह बहुत सोच-विचार कर बोलें और विषय की गंभीरता को समझ कर बोले, माफ कर दिया। जाहिर है कि राफेल पर राहुल गांधी उग्रता से भी ऊपर आक्रामक शैली में गैर-जिम्मेदाराना अंदाज में सीधे प्रधानमन्त्री की ईमानदारी और विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा कर किये थे फिर भी हासिल कुछ नहीं हुआ था। इसलिये कांग्रेस को यह स्वीकार करना चाहिए कि देश की जनता भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल करनेवाली बातों को सहन करने के लिए तैयार नहीं है। यदि कोई नेता विदेशी धरती पर भारत का मान बढ़ाने की जगह उसकी छवि को बिगाड़ने का प्रयास करेगा, तो उसका खामियाजा उसकी समूची पार्टी को उठाना पड़ेगा। कांग्रेस के नेता यह भी समझने की कोशिश करें कि प्रधानमंत्री मोदी, भारत सरकार और संवैधानिक संस्थाओं पर प्रतिकूल टिप्पणी करने से जनता का विश्वास नहीं जीता जा सकता। विडम्बनापूर्ण है कि राहुल गांधी जैसे राजनेताओं की आंखों में किरणें आंज दी जाएं तो भी वे यथार्थ को नहीं देख सकते। क्योंकि उन्हें उजालों के नाम से ही एलर्जी है। तरस आता है राहुल जैसे राजनेताओं की बुद्धि पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करते हैं, आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव पर सवार होकर राजनीतिक सागर की यात्रा करना चाहते हैं। प्रेषकः

# बाबा ने बुल्डोजर एक्शन से तोड़ा साजिशकताओं का चक्रव्यूह...?

जहां एक तरफ प्रयागराज में हुई उमेश पाल की हत्या से सियासी गलियारों में घमासान मचा हुआ है, तो वहीं योगी आदित्यनाथ का माफियाओं को मिट्टी में मिला देंगे, का ये चम्तकारिक शब्द अपना रंग दिखा रहा है। दरअसल, साजिश के तहत वालीवूड स्टाइल में गोलियों की तडतडाहट के बीच प्रयागराज में तत्कालीन विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या की गयी है। जानकारों की मानें तो इस हत्याकांड के बहाने यूपी में दहशत फैलाकर यूपी में योगी सरकार को घेरनी की थी। जंगलराज बताकर योगी की छबि खराब करना मकसद था। को तैयार है। 32.92 लाख करोड़ से भी अधिक निवेश करने वाले इन्वेसटरों को बताना था, तुम्हारे लिए यूपी सुरक्षित नही है. लेकिन शुक्र है बाबा योगी आदित्यनाथ समय रहते साजिशकताओं के चक्रव्यूह को समझ गए।उनके द्वारा सदन में कही गयी, अपराधियों को मिट्टी में मिला देंगे.. के बाद से ही प्रयागराज से मऊ तक बुल्डोजर एक्शन मानों आंधी सी चल गईकृबाबा का बुलडोजर ऐसा कहर ढहा रहा है कि साजिशकताओं की बाबा को घेरने की योजना धरी की धरी रह गयी. लेकिन बड़ा सवाल तो यही है क्या माफियाओ के सहारे सत्ता वापसी की ख्वाब देख रहे है साजिशकर्ता?

सुरेश गांधी

फिरहाल, हो जो भी सच तो यही है कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड से पूरा का पूरा प्रदेश दहल गया था. सूबे की की कानून व्यवस्था पर तमाम सवाल उठने लगे थे. स्थिति यह हो गयी कि खराब होते छबि से बौखलाएं सीएम योगी आदित्यनाथ को सदन में बिल्कुल तीखे अंदाज में कहना पड़ा, ये अपराधी सपा के पालेपोशे पेशेवर अपराधी है, इन अपराधियों को मिट्टी में मिला देंगे. जिसके बाद से ही प्रयागराज से मऊ तक बुल्डोजर एक्शन में है। जेल में बंद प्रयागराज हिंसा के मास्टर माइंड अतीक के शूटरो व करीबियो से लेकर मुख्तार अंसारी के करीबियों के घर को बुलडोजर ने मिट्टी में मिलाना शुरू कर दिया है। खास यह है कि बुलडोजर एक्शन सिर्फ कार्रवाई भर नहीं है, राजनीति में छिपे अर्थ खंगालें तो यह एक साथ ही छवि निर्माण और भविष्य के लिए बड़े संदेश देने का संकेत है. बता दें, योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के पहले प्रदेश में अपराधियों, माफियाओं और संगठित अपराध करने वालों का बोलबाला था. हर तरफ दंगे से लेकर बलातकार, लूट, डकैती, हत्या की गूंज थी, माफिया जबरन लोगों के जमीन हड़प रहे थे। पीड़ितों की आवाज उठाने वाले पत्रकारों की खुलेआम हत्या व घर-गृहस्थी लूटे जा रहे थे। लेकिन, 2017 के बाद यूपी में संगठित अपराध लगभग समाप्त हो गए. अपरहण और फिरौती का धंधा बंद हो गया. इतना ही नहीं अपराधियों और माफियाओं ने एनकाउंटर के डर से खुद ही सरेंडर करना शुरू कर दिया था. इससे यूपी की छबि सुधरने लगी। हाल यह रहा कि यूपी में योगी सारे समीकरणों को ध्वस्त करते हुए दुबारा मुख्यमंत्री बन गए। मुख्यमंत्री बनने के बाद वर्ष 2022 में विकास के साथ बाबा का बुलडोजर और भी तेज गरजने लगा।

देश में यूपी की सुधरती छबि का परिणाम रहा कि एक झटके में विभिन्न इंवेस्टर्स कंपनियों के साथ राज्य सरकार ने 18 हजार 643 एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए,जिनके तहत तकरीबन 32.92 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री का दावा है कि इससे प्रदेश के युवाओं को 92.50 लाख से अधिक नौकरी व रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। प्रदेश में बेहतर आधारभूत सुविधाओं व बदली कानून-व्यवस्था का परिणाम है कि आर्थिक रूप से पिछड़े पूर्वी क्षेत्र को नौ लाख 55 हजार करोड़ रुपये तथा बुंदेलखंड को चार लाख 28 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। यह औद्योगिक निवेश इन क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाओं को आकार देने वाला होगा। लेकिन 2024 में मोदी को केन्द्र से बेदखल करने का ख्वाब देख रहे का साजिशकताओं को यह सब राशि नहीं आ रहा। जानकारों का कहना है कि एक साजिश के तहत प्रयागराज में हत्याकांड को अंजाम इसलिए दिया गया कि योगी की छबि खराब हो। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जैसे ही हत्यांकांड घटित हुई सबके सब योगी को घेरने के लिए सड़क से लेकर सदन तक हंगामा शुरू कर दिए। हत्यारों की धरपकड़ मांग की जगह सूबे को जंगलराज बताने लगे। लेकिन शुक्र है बाबा समय रहते सबकुछ समझ गए। परिणाम यह है कि ताबड़तोड़ की कार्रवाई से किसी को गाड़ी पलटने का डर सता रहा है तो कोई जमींददोज हो रहा है। एक एक कर अतीक व मुख्तार के गुर्गो का बेनाम संपत्ति व घर मिट्टी में मिल रहा है। बाबा ने रहम की गुंजाइश नहीं बिलकुल नहीं छोड़ी है. बुलडोजर माफियाओं की कमर तोड़ने में जुटा है।

यहां जिक्र करना जरुरी है कि यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान योगी आदित्यनाथ ने खुद की छवि बुलडोजर बाबा के तौर पर स्थापित कर दी थी। इसका असर अब प्रदेश भर में देखने को मिल रहा है. पिछले कुछ दिनों में लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर, नोएडा, जालौन, बुलंदशहर, प्रयागराज व मऊ जैसे तमाम जिलों में रोज बुलडोजर से अवैध निर्माण गिराने की खबर सामने आ रही है. प्रदेश में माफियाओं की लिस्ट बनाई गई है जिन पर बुलडोजर एक्शन लिया जाना है. दरअसल इन सब कार्रवाई के जरिए योगी ने बुलडोजर बाबा की जो छवि खुद की बनाई थी, वह दिन-ब-दिन मजबूत होती जा रही है. मतलब साफ है अपराधियों पर सख्त, बेहतरीन प्रशासन बुलडोजर एक्शन के जरिए अपराधियों को दंड देने की प्रक्रिया भर नहीं है. इसके पीछे पूरे प्रदेश और उसके बाहर अब देश भर में मजबूत संदेश जा रहा है. योगी की छवि बतौर मुख्यमंत्री एक स्टैट्समैन के तौर पर स्थापित हो चुकी है. अगर ज्यादा पीछे नहीं लौटें तो गुजरात में बतौर मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की देशव्यापी छवि भी उनके विकास कार्यों के साथ दक्ष प्रशासक के तौर पर बनी थी. जानकारों का कहना है कि देश भर में मोदी की अपार लोकप्रियता के पीछे एक बड़ी वजह गुजरात में अपराधियों और दंगाइयों पर नकेल भी थी. उसी लीक पर बढ़ते हुए योगी भी अपनी देशव्यापी छवि निर्माण करने में बहुत हद तक सफल भी हुए हैं.

अतीक अहमद के खास करीबी कहे जाने वाले माशूक उद्दीन उर्फ मासूम की दो मंजिला उस शानदार आशियाने को पीडीए ने मिट्टी में मिला दिया जिसकी लागत 3 करोड़ से अधिक की है। पीडीए का कहना है कि इस का नक्शा बगैर पास किए ही इस बंगले को बनाया गया था। उसी कड़ी में माफिया अतीक अहमद के गैंग के सदस्य और उसके करीबी असरौली इलाके में अपराध से अर्जित कर तीन करोड़ से ज्यादा अधिक की लागत की आलीशान इमारत को भी पीडीए के बुलडोजर ने जमीडोज कर दिया। देखा जाएं तो प्रयागराज में उमेश पाल सहित पुलिस के दो गनर की हुए हत्या के बाद इस केस में नामजद आरोपी माफिया अतीक अहमद और उसके गुर्गों पर आफत सी आ गई है। ढाई साल में अतीक अहमद उसके करीबियों के 70 से अधिक मकानों को मलबे में तब्दील कर दिया गया है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने अतीक और उसके करीबियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही की है। पीडीए ने सितंबर 2020 से मार्च 2021 तक इस गैंग के 58 अवैध निमार्णों को धराशाई किया और इस माफिया और इससे जुड़े लोगों की 1200 करोड़ से अधिक की आर्थिक चोट पहुंचाई जा चुकी है। उमेश पाल हत्याकांड के महज 72 घंटे के अंदर ही उमेश पाल हत्याकांड में शूटर्स की गाड़ी चलाने वाले अरबाज को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया पुलिस ने सदाकत को भी अगले ही दिन धर दबोचा था।

# मानवता संवेदना के चक्षु खोलता साहित्य चिंतन मनन

साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलत:साहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है। और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों,संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है की कबीरदास, रविंद्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर,मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा। वास्तव में जीवन साहित्य का आधार है, चाहे वह व्यक्ति विशेष का हो, परिवार का हो, समाज का हो, राज्य का हो या राष्ट्र का हो या संपूर्ण विश्व का जीवन के बिना साहित्य की कल्पना ही असंभव और साहित्य की समृद्धि बिना जीवंत समाज का सम्यक विकास असंभव है। साहित्य, भाषा, संवेदना जीवन का मेरुदंड है। जिंदगी में यथार्थवाद समाविष्ट रहता है और साहित्य आशावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण रहता है, इस तरह जीवन में यथार्थवाद और आशावाद एक दूसरे के पर्याय तथा पूरक हैं। साहित्य वैसे तो मानवीय जीवन में, जो है और जो होना चाहिए उसके बीच का एक जरिया ही है। साहित्य अपनी परिकल्पना उसे मानवीय समाज में मानवीय संबंधों के सुधार की जो आवश्यकता है, उस को रेखांकित करता है। और साहित्य समाज में व्यक्ति की जिंदगी में अपनी परिकल्पना से आल्हाद,उमंग और आनंद भी देता है, जिसकी मानव अपनी जिंदगी सर्वश्रेष्ठ पलों की कामना करता है। मूल रूप से अच्छा रचनाकार, बड़ा साहित्यकार, समय काल में समाज की ही देन होता है। और उसी समाज विशेष की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और इतिहास के दायरे में उसकी रचनात्मकता परवान चढ़ती है। अत: जीवन में और साहित्य के मध्य जितना आदान-प्रदान होगा, वहां साहित्य एवं जीवन जीवंत, संवेदनशील और प्रभाव शाली होगा।

मनुष्य के जीवन में निराशा, आशंका का प्रादुर्भाव हमेशा से बना रहता है, और साहित्य जीवन में आशा, विश्वास एवं भविष्य की परिकल्पना उसे सुसज्जित रहता है। जीवन को एक नया दृष्टिकोण, एक नई दृष्टि और नया उजाला प्रदान करता है।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**, 9009 415 415,

## थोड़ा तुम थोड़ा मैं फागुन हो जाऊँ

**प्रभुनाथ शुक्ल**

खेतों में फसलों की रंगत बदल गई है। सरसों के पीले फूल खत्म हो गए हैं और वह फलियों से गदाराई है। मटर और जौ की बालियां सुनहली पड़ने लगी हैं। जवान ठंड अब बुढ़ी हो गई है। हल्की पछुवा की गलन गुनगुनी धूप थोड़ा तीखी हो गई है। घास पर पड़ी मोतियों सरीखी ओस की बूँदें सूर्य की किरणों से जल्द सिमटने लगी हैं। प्रकृति के इस बदलाव के साथ फागुन ने आहिस्ता- आहिस्ता कदम बढ़ा दिया है। टेंशू , गेंदा और गुलाब फागुन की मस्ती में खिलखिला रहे हैं। अमराइयों में आम में लगे बौरों की मादकता अजीब गंध फैला रहीं है।

भौंरे कलियों का रसपान कर वसंत के गीत गुनगुना रहे हैं। पेड़ों से पत्ते रिश्ते तोड़ वसंत के स्वागत में धरती पर बिछ जाने को आतुर हैं। प्रकृति और उसका ऐहसास फागुन के होने की दस्तक देता है। लेकिन इंसान बिल्कुल बदल चुका है। वह फागुन को जीना नहीं चाहता है। वह प्रकृति से साहश्चर्य नहीं रखना चाहता है। वह उसे भी जीतना चाहता है। खुद नियंता बनाना चाहता है। शायद यहीं उसकी भूल है। फागुन में भौजाई की ठिठोली और मसखरी जाने कहां खो गई। फागुन के गीतों पर ढोल-मंजीरे की थाप सुनाई नहीं देती है। पूर्वांचल में फागुन के गीत को फगुवा के नाम से पुकारा जाता है। लेकिन अब यह गीत और उसे गाने वाले लोग गायब हैं। अश्लील और गंदे भोजपुरिया गीतों का राज है। फाग गीत प्रकृति से जुड़े होते थे। लेकिन आजकल के गानों में सिर्फ अश्लीलता है। सभ्य समाज में ऐसे गीत सुनने लायक भी नहीं है। समय के साथ सब कुछ बदल रहा है। जबकि यह बदलाव तथ्य और अर्थहीन है।

फागुन प्रकृति का रंगोंत्सव है। फागुन में प्रकृति बदल जाती है। वह मलंग हो जाती है। उसमें अजीब मादकता आ जाती है।

## फटाफट खबरें

### एक अप्रैल को निर्वाचक नामावलियों का होगा प्रकाशन

**चित्रकूटः** नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण की समयसारिणी निर्धारित कर दी गई है। अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि 10 मार्च को ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाएगा। 11 से 17 मार्च तक दावे और आपत्तियां लेकर 18 से 22 मार्च तक इनका निस्तारण किया जाएगा। 23 मार्च से 31 मार्च तक पूरक सूचियों की पांडुलिपियों की तैयारी व इन्हें पूरक सूची-1 में समाहित किया जाएगा। एक अप्रैल को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए प्रकाशन किया जाएगा।

### मानिकपुर स्टेशन की पार्सल बुकिंग एक मार्च से पुनः बंद- आमदनी दोगुनी होने के बाद भी पार्सल बंद होना अव्यहारिक व मनमानापूर्ण

**मानिकपुर, चित्रकूटः** पूर्व में मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक भाड़ा विपडन प्रयागराज अनुमणि त्रिपाठी के आदेश पर मानिकपुर जं स्टेशन की पार्सल बुकिंग सुविधा को बंद कर दिया गया था। जिसे उन्हीं के आदेश पर पुनः तीन माह के लिए पार्सल बुकिंग को नवम्बर तक बहाल कर दिया गया। नवम्बर में डेट समाप्त होने पर पुनः तीन माह के लिए डेट बढ़ा 28 फरवरी 2023 तक चालू रखा गया। जिसे आगे बढ़ाए जाने का अब तक कोई आदेश नही आया।

इसी क्रम में पार्सल कार्यालय मानिकपुर में लगे फिगर बोर्ड के आकड़ो से स्पष्ट है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में आउटवर्ड 510831 रुपए थी। जब वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह आमदनी बढ़कर 911075 रुपए हो गई। लगभग 78 फीसद पार्सल की आमदनी बढी। इसी प्रकार वर्ष 2021-22 में इनवर्ड 757836 रुपए से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 1625853 रुपए हो गई लगभग 114 फीसद आमदनी बढ़ी। गौरतलब हो कि वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही पार्सल बुकिग क्रमशः अप्रैल-जून में 148657, जुलाई-सितम्बर में 332296, अक्टूबर-दिसम्बर 709853 रुपए रही। मानिकपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुरषोत्तम अग्रहरी ने बताया की कि पार्सल बंद करने के आदेश के बाद पुनः बहाल होने पर रेलवे की आमदनी बढ़ी हैं। बावजूद रेलवे पार्सल बंद कर दिया जाना अव्यहारिक व अनुचित है।

### प्रभास महासभा ने व्यापारी को न्याय दिलाने की एसपी से की मांग

**चित्रकूटः** प्रभास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जनपद में व्यापारियों के साथ हो रहे उत्पीड़न पर ठोस कदम उठाते हुए आरोपियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की। इसी क्रम में ज्ञापन के माध्यम से बताया कि बीते शुक्रवार को ग्राम औंझर थाना मऊ निवासी एक व्यापारी एवं उनके मां को अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों ने गाली गलौज कर घर में घुसकर बुरी तरह से मारा पीटा। जिससे पीड़ित व्यापारी परिवार अत्यधिक आतंकित है। आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देने के बावजूद आरोपियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। पीड़ित व्यापारी ने आरोपियों के विरूद्ध जब रिपोर्ट लिखाने गए तो थाना मऊ पुलिस पीड़ित की मूल रिपोर्ट न लिखकर अपने ढंग से रिपोर्ट लिखी। साथ ही चिकित्सकीय परीक्षण होने के उपरांत भी एफ.आई.आर. नहीं लिखी गई। प्रभास महासंघ ज्ञापन के माध्यम से पीडित को न्याय दिलाने की मांग की है।

### हथियारों के बल पर ज्वैलर्स की दुकान में डकैती का किया प्रयास, मुठभेड़ के बाद दो अरेस्ट

**गाजियाबाद।** थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्रान्तर्गत 21 फरवरी को अवैध हथियारो के बल पर ज्वैलर्स की दुकान में डकैती का प्रयास करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों में एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार जागृति विहार सेक्टर 23 संजयनगर में ज्वैलर्स जय कुमार वर्मा की दुकान है। 21 फरवरी को अवैध हथियारों से लैस होकर लगभग दस बदमाशों ने योजनाबद्ध तरीके से शाम के समय करीब साढ़े पांच बजे दुकान में डकैती डालने का प्रयास किया जिस के संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना मधुबन बापूधाम पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु 8 टीमें गठित की गई जिनके द्वारा सीसीटीवी फुटेजो का लगातार गहन विश्लेषण मैनुअल इंटेलिजेंस जेल में निरुद्ध अपराधियों से गहन पूछताछ एवं अन्य स्त्रोतों से जानकारी कर घटना के अनावरण हेतु सार्थक प्रयास किए गए। मुखबिर की सूचना पर सदरपुर मनन धाम रोड पर बंद पड़े सेंट पीटर स्कूल के पास सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान स्कूटी सवार दो बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा हेतु की गई फायरिंग में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया वहीं पुलिस ने दूसरे बदमाश को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश का नाम एकल उर्फ संटी निवासी जलालाबाद थाना मुरादनगर व शिवा निवासी कुम्हारों वाली गली थाना मुरादनगर है। अभियुक्तों से गहनता से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि 21 फरवरी को जागृति विहार सेक्टर 23 संजय नगर में हम लोगों ने अपने आठ अन्य साथियों आयुष उर्फ. नवाब, कुलदीप, मनीष, आकाश, बादल तथा अन्य तीन लोगों को नवाब और कुलदीप जानते हैं के साथ मिलकर एक योजनाबद्ध तरीके से जिनमें कुलदीप के द्वारा बताया गया था कि ज्वैलर्स की दुकान में लगभग डेढ़ करोड़ की नकदी एवं जेवरात मिलने की बात बताते हुए घटना कराए जाने का प्रस्ताव रखा था। घटना में प्रयुक्त तीन बाइक में से दो बाइक व चार असलाह उपलब्ध कराए थे।

# साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ मनाए जाए त्यौहार - डीएम

**चित्रकूटः** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में शनिवार को होली के त्यौहार एवं शबे बरात के त्यौहार को लेकर हिंदू व मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक कोतवाली कर्वी में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने सभी समुदाय के लोगों से कहा कि पुलिस व प्रशासन की तरफ से त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई है। पर्याप्त पुलिस बल की भी व्यवस्था लगाई गई है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी से कहा कि सभी स्थानों पर अच्छी साफ सफाई व्यवस्था कराएं। अधिशासी अभियंता जल संस्थान को निर्देश दिए कि पेयजल आपूर्ति लगातार बनी रहे, जहां पर समस्या हो वहां पर टैंकर के माध्यम से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। विद्युत व्यवस्था भी निर्बाध रूप से सुनिश्चित कराई जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि सभी अस्पताल खुले रहें तथा एंबुलेंस को भी संचालित करते रहे, सभी जगह चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहें कहीं पर कमी नहीं होना चाहिए। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि आप लोग जो जनपद में शांति पूर्वक त्योहारों को मनाते आ रहे हैं, उसी प्रकार इस त्यौहार को भी आपसी सौहार्द के साथ मनाएं, जन जागरूकता करें कि कोई भी व्यक्ति जहरीली शराब का सेवन न करें तथा जहरीली शराब के बारे में अगर आप लोगों को जानकारी हो तो तत्काल पुलिस व प्रशासन को अवगत कराएं ताकि उस पर कार्यवाही की जा सके। त्यौहार के दौरान कोई भी विवाद नहीं होना चाहिए। सभी समाज के लोग इस पवित्र त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाएं।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद में पर्याप्त पुलिस



व्यवस्था लगाई गई है। कोई भी व्यक्ति किसी के बिना मर्जी के रंग अबीर नहीं डालेगा खासकर महिलाओं एवं अन्य समुदाय के व्यक्तियों को ध्यान में रखते हुए त्यौहार को सौहार्द के साथ मनाएं। कोई भी शरारती तत्व अगर किसी भी तरह की अनर्गल चेष्टा करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिस तरह से जनपद शांतिपूर्ण है, उसी प्रकार से त्यौहार को भी हम आप सब लोग शांतिपूर्वक संपन्न कराएं। त्यौहार के दौरान अगर कोई समस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें ताकि कार्यवाही कराई जा सके। होलिका दहन की जो जगह चिन्हित की गई है वहीं पर होलिका दहन की जाएंगी कहीं पर अगर विवाद है तथा मामला न्यायालय में विचाराधीन है तो यथास्थिति बनाए रखते हुए उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी भ्रमण में रहकर त्यौहार को सकुशल संपन्न कराएंगे, कोई भी व्यक्ति शराब पीकर वाहन न चलाएं, अश्लील गाना नहीं बजना चाहिए। होली के पर्व के गाना को धीमे से बजाया जाए। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सभी जगह चिन्हित करके लगाई गई है ताकि किसी को कोई समस्या न हो। बैठक में हिंदू व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी अपने-अपने सुझाव दिए जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि आपसी भाईचारा में हम आप सब लोगों को त्यौहार को सकुशल संपन्न कराना है।

बैठक में उप जिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डा भूपेश द्विवेदी, अधिशासी अभियंता जल संस्थान गंगाराम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, कोतवाली प्रभारी कर्वी दीपेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी तथा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी, सुनील द्विवेदी, गुलाब गुप्ता, सानू गुप्ता, राहुल गुप्ता, महेश केशरवानी, डब्बू आर्य, अंकित पहाड़िया सहित हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएं

## त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश

**चित्रकूटः** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में शनिवार को तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।




जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने के लिए निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी कर्वी से कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाए। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निस्तारण पर गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए क्योंकि शासन से निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से वार्ता भी की जाती है, जिस समस्या का निस्तारण कराया जाए, उस निस्तारण के संबंध में संबंधित समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराएं। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि होली के त्यौहार एवं शवे बरात को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं अपने-अपने क्षेत्र में दुरुस्त करा ले ताकि त्यौहार के दिन कोई समस्या न हो, त्योहारों को सतर्क दृष्टि रखते हुए सकुशल संपन्न कराना हम आपका दायित्व है।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय, प्रभागीय वनाधिकारी पी के त्रिपाठी, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी एस के शुक्ला, परियोजना निदेशक ऋषि मुनि उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेन्द्र, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, तहसीलदार कर्वी राकेश कुमार पाठक, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, खंड विकास अधिकारी कर्वी आस्था पांडेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने किया विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

## अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत चयनित मानिकपुर स्टेशन का भी किया निरीक्षण

चित्रकूट : महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार ने प्रयागराज मण्डल के प्रयागराज व मानिकपुर खण्ड का विंडो ट्रेलिंग तथा मानिकपुर स्टेशन का निरीक्षण कर संरक्षा और सुरक्षा व्यवस्थाओं की जाँच की। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने निरीक्षण यान की पिछली खिड़की से ट्रैक का निरीक्षण किया। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण एक विशेष निरीक्षण होता है जिसमे रेल पथ एवं उसके पास के सभी इंस्टानलेशनो जैसे सिगनल, ओएचई, प्लेटफॉर्म इत्यादि का चलती हुई गाड़ी मे लगे निरीक्षण यान की पिछली खिड़की से निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान मार्ग मे पड़ने वाले स्टेशनों की सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं, राइडिंग क्वालिटी विशेष तौर से प्वॉइंट एवं क्रॉसिंग पर ट्रैकज्योमेट्री इंडेक्स मे सुधार, ओएचई की स्थिति, मार्ग के लेवल क्रॉसिंग गेटों की स्थिति, मार्ग में आने वाले माइनर व मेजर ब्रिज




आदि का महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे द्वारा अवलोकन किया गया।

इसी क्रम में उन्होंने मानिकपुर स्टेशन का निरिक्षण किया। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत मानिकपुर स्टेशन का भी चयन किया गया है। इस योजना के तहत स्टेशन का विकास कार्य किया जाना है, इसी उद्देश्य के दृष्टिगत महाप्रबंधक ने मानिकपुर स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाएं, सकुर्लेटिंग एरिया के सौन्दरीकरण, प्रतीक्षालय, संयुक्त लोको पायलट एवं गार्ड विश्राम गृह में सुविधाएं, स्टाफ के खानपान की गुणवत्ता एवं विकास कार्य की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रतीक्षालय और स्टेशन पर यात्रियों से फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान प्रेस और मीडिया के लोंगो से बात करते हुए उन्होंने बताया की भविष्य के मानकों के अनुसार स्टेशन को और अत्याधुनिक बनाया जायेगा।

इस मौके पर मण्डल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा एवं प्रयागराज मण्डल के अन्य शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### अवैध शराब के साथ सात कारोबारी गिरफ्तार

**चित्रकूटः** आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवँ बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 7 अभियुक्तों के कब्जे से 50 लीटर कच्ची व 68 क्वार्टर देशी शराब, 3 भट्ठी एवं शराब बनाने के उपकरण बरामद की।

प्रभारी निरीक्षक थाना मऊ राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना मऊ पुलिस टीम ने अभियुक्ता मैकी देवी पत्नी रामआसरे निषाद निवासी बराछी तथा धिरजिया पत्नी मूलचन्द्र निवासी बराछी थाना मऊ को 15-15 लीटर कच्ची शराब, 1-1 अदद भट्ठी व शराब बनाने के उपकरण के साथ तथा दयाशंकर निषाद पुत्र श्रीपत निवासी बराछी थाना मऊ को 10 लीटर कच्ची शराब महुआ निर्मित, 1 भट्ठी व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान थाना मऊ उप निरीक्षक बालकिशुन, मेवालाल मौर्या, आरक्षी नागेश कुमार, जुबेर, राहुल कुमार, भरतलाल, महिला आरक्षी मनीषा बुनकर, काजल सिंह आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार सीतापुर चैकी के उप निरीक्षक शौकत खां तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त हनुमान पुत्र डब्बा निवासी तीर्थराजपुरी सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी को 28 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। मानिकपुर थाना के उप निरीक्षक बल्देव सिंह तथा उनकी टीम द्वारा समरनाथ यादव पुत्र रामलखन यादव निवासी दराई थाना मानिकपुर को 10 देशी कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया तथा पहाड़ी थाना के आरक्षी जलील अहमद तथा उनकी टीम द्वारा अवध बिहारी पुत्र ज्ञान सिंह निवासी नोनार थाना पहाड़ी तथा शारदा पटेल पुत्र श्रीपाल निवासी ऐरानमाफी थाना पहाड़ी को 20-20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किये गये।

### वन्य जीवों के प्रति रखें दया का भाव



**चित्रकूटः** विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर डीएफओ पी के त्रिपाठी ने जनमानस से अपील की है कि वनों में ही वन्य जीवो का वास होता है और इधर गर्मी का मौसम सन्निकट है। स्थानीय ग्राम वासियों द्वारा महुआ फूल एकत्र करने तथा पशुचराने के दौरान असावधानी के कारण वनों में आग लगने का अंदेशा रहता है। लोगों द्वारा सुलगते हुए सिगरेट, बीड़ी के टुकड़े फेंकने व अन्य कारणों से असावधानीवश वनों में व जनपद में रोपित किए गए पेड़- पौधों व वन्यजीवो की क्षति की संभावना बनी रहती है। साथ ही सरकार द्वारा रोक के बावजूद लोगों द्वारा खेतों में पराली जलाने से वनों में आग लग सकती है तथा खेतों में किसानों के मित्र कीट भी मर जाते हैं व भूमि की मृदा भी प्रभावित होती है। वनों को आग से बचाने के लिए लोग अग्निशमन विभाग के नंबर 101 पर व स्थानीय स्तर पर वन विभाग के जंगलों व वन विभाग द्वारा रोपित पौधों मे आग लगने पर मौके पर आग बुझाने में सहयोग करते हुए क्षेत्रीय स्तर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी से संपर्क स्थापित करने व अग्नि की सूचना देने की अपील की है। इससे वनो के प्राकृतिकवास में रह रहे वन्यजीवो के साथ-साथ पर्यावरणीय संरक्षण में लोगों का सहयोग प्राप्त हो सके। वन्यजीवो की सुरक्षा व पर्यावरणीय संरक्षण सभी का पुनीत व संवैधानिक कर्तव्य है।

# ऑनलाइन ठगी के शिकार पीड़ितो के बैंक खातों में वापस कराई धनराशि-अपने खाते में वापस धनराशि पा पीड़ितों के खिले चेहरे

**चित्रकूटः** वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध को रोकने व आमजनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह तथा उनकी टीम द्वारा साइबर अपराध के 2 पीड़ितों के कुल 1 लाख 30 हजार रुपए उनके खातों में वापस कराये गये।

आनलाइन ठगी के षिकार हुए विवेक कुमार अग्रवाल पुत्र हर्ष स्वरुप अग्रवाल निवासी पुरानी बाजार कोतवाली कर्वी द्वारा शिकायत की गयी कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनके खाते से धोखाधड़ी करके 50,000 रुपये निकाल लिया गया है तथा आवेदक राकेश कुमार पुत्र भोंदू प्रसाद निवासी बरद्वारा थाना सरधुवा द्वारा शिकायत की गयी कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनके खाते से धोखाधड़ी करके 80,000 रुपये निकाल लिया गया है। जिनका साइबर सेल द्वारा पीडितों को शत प्रतिशत रुपये बरामद कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल प्रभारी विजय सिंह, आरक्षी सर्वेश कुमार, आरक्षी हरिशचन्द्र अहिरवार, आरक्षी प्रशांत यादव के द्वारा किये गये कार्य की प्रशंसा की गयी तथा जनमानस से अपील की कि गूगल पर किसी भी कम्पनी या बैंक का कस्टमर केयर का नम्बर ढूढने में बेहद सावधानी बरते तथा प्राप्त नम्बरो पर पूरी तरह भरोसा न करे और अपनी व्यक्तिगत व बैंकिग सम्बन्धी जानकारी किसी से भी साझा न करे । एनीडेस्क, टीम व्यूअर आदि रिमोट एक्सेस साफ्टवेयर का प्रयोग बेहद सावधानीपूर्वक करे। इससे साइबर अपराधियों द्वारा आपके खाते तक पहुंचकर आपके साथ आर्थिक रूप से धोखाधड़ी कर धनराशि निकाली जा सकती है। फोन पर कभी भी किसी प्रकार के लुभावने ऑफर प्राप्त करने के लिए कभी किसी को अपने बैंक, खाता, एटीएम नम्बर, ओटीपी सम्बन्धी जानकारी न शेयर करे। किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा यदि फोन पर पैसे भेजने की बात कहे तो सोच समझ कर ही लेन-देन करें व किसी भी अनजान लिंक, वेबसाइट आदि को न ओपन करे। इससे आपको वित्तीय नुकसान उठाना पड़ सकता है। ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से खरीददारी के लिए पूर्व भुगतान करते समय बेहद सावधानी बरते। सम्भव हो तो विक्रेता से पर्सनल मिले बिना, लेन देन करने से बचे। अज्ञात कॉलर द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओ व कालोनी स्वीकृत किये जाने के नाम पर भी पैसो की मांग किये जाने पर ऐसे व्यक्तियो के खाते में पैसे जमा न करें तथा इसकी शिकायत निकटतम पुलिस थाने या राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं 1930 पर तुरंत कॉल करके करें या साईबर सेल की बेबसाइड पर भी कम्पलेंट कर सकते है। जनपद के समस्त थानों पर भी साइबर हेल्प डेस्क बनाया गया है जिसमें पुलिसकर्मियों द्वारा साइबर फ्रॉड के पीड़ितों की मदद की जाती है।

# विदेश संदेश

## ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तान समर्थकों ने हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की

**ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया)।** खालिस्तान समर्थकों ने शनिवार को यहां के मशहूर श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में तोड़फोड़ की है। यह जानकारी मंदिर के अध्यक्ष सतिंदर शुक्ला ने दी। उन्होंने कहा कि सुबह श्रद्धालु मंदिर में पूजा-पाठ के लिए पहुंचे, इस दौरान उन्होंने देखा कि मंदिर की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

हिंदू ह्यूमन राइट्स की निदेशक सारा गेट्स का कहना है कि सिख फॉर जस्टिस की तर्ज पर इस घृणा अपराध को अंजाम दिया गया है। यह ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले हिंदुओं को डराने के लिए किया गया है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के कैरम डाउन इलाका स्थित श्री शिवा विष्णु मंदिर और मिली पार्क इलाके के स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए थे। मेलबर्न के इस्कॉन मंदिर में भी तोड़फोड़ की गई थी।

## साम्यवादी चीन हमारा सबसे बड़ा दुश्मनः निक्की हेली

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली ने कहा कि साम्यवादी चीन हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है। उन्होंने यह टिप्पणी रिपब्लिकन पार्टी के शीर्ष वार्षिक कार्यक्रम कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस में की। निक्की रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने की दावेदार हैं।

कॉन्फ्रेंस में उन्होंने सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी की आलोचना करते हुए उसे समाजवादी पार्टी बताया। उन्होंने विदेश नीति पर भी सत्तारूढ़ दल को आड़े हाथ लिया। हेली ने कहा कि अमेरिका को उन देशों को मदद नहीं देनी चाहिए जो उससे नफरत करते हैं। उन्होंने हाल में जासूसी गुब्बारे वाली घटना का उल्लेख किया। हेली ने कहा कि जीवन में कभी नहीं सोचा था कि अमेरिकी नागरिक आसमान में देखेंगे और पाएंगे कि चीन का एक खुफिया गुब्बारा हम पर नजर रख रहा है। यह राष्ट्रीय शर्मिंदगी की बात थी।

## अहमदिया समुदाय पर हमला, दो की मौत, 100 घायल

**ढाका।** उत्तरी बांग्लादेश के पंचागढ़ जिले में अहमदिया समुदाय के तीन दिवसीय 'जलसा सालाना' का स्थानीय इस्लामी संगठनों ने कड़ा विरोध किया है। 24 घंटे से हो रहे इस विरोध के दौरान अहमदिया समुदाय पर हुए हमले में कम से कम दो लोगों की मौत गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हमलावरों ने बड़े पैमाने पर इस समुदाय के घरों में आगजनी और दुकानों में तोड़फोड़ की। घायलों में नौ पुलिसकर्मी और दो पत्रकार भी शामिल हैं। बताया गया है कि हमले के दौरान अहमदिया समुदाय के सदस्यों के 30 से अधिक घरों को फूंकने के बाद यातायात पुलिस कार्यालय को आग के हवाले कर दिया। स्थिति से निपटने के लिए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के 17 प्लाटून पंचागढ़ शहर क्षेत्र में तैनात किए गए हैं।

अहमदिया समुदाय के सालाना जलसा के संयोजक अहमद तबशेर चौधरी ने कहा है कि हमारे समुदाय के 23 वर्षीय युवक जाहिद हसन समेत दो लोगों की हत्या कर दी गई। चौधरी ने कहा कि इस्लामवादी, जलसा का विरोध करते हुए जाहिद को करातोवा नदी के किनारे ले गए और वहां उसे मार दिया।

इस हमले में अरिफुर रहमान (28) की भी मौत हो गई। हिंसा के बीच जिला प्राधिकरण और पुलिस ने समारोह को स्थगित करने की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक एस.एम. सिराजुल हुदा ने स्थिति नियंत्रण में होने का दावा किया है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति के सीने से कैंसरयुक्त त्वचा हटाई गई

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस के प्रमुख चिकित्सक डॉ. केविन ओ कॉनर ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के सीने से कैंसरयुक्त त्वचा को हटा दिया गया है। अब उन्हें इलाज की कोई जरूरत नहीं है। प्रमुख चिकित्सक ओ कॉनर ने एक बयान जारी कर कहा है कि पिछले महीने एक सैन्य अस्पताल में बाइडेन के स्वास्थ्य आकलन के हिस्से के रूप में ऊतक को हटाकर उसे बायोप्सी के लिए भेजा गया था। बायोप्सी ने पुष्टि की कि छोटा घाव बेसल सेल कार्सिनोमा था। बाइडेन के सीने से सभी कैंसर वाले ऊतकों को सफलतापूर्वक हटाया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि 80 वर्षीय बाइडेन का दो सप्ताह पहले वार्षिक शारीरिक परीक्षण हुआ था। ओ कॉनर ने घोषणा की है कि वह पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं और राष्ट्रपति पद के कर्तव्यों को पूरा करने के लिए फिट हैं।



## पाक विदेश मंत्री बोले- हम कंगाल नहीं हैं, न होंगे:एक दिन पहले चीन से 4 हजार करोड़ का कर्ज लिया, आईएमएफ से भी मांगा लोन

**इस्लामाबाद।** कंगाली की कगार पर खड़े पाकिस्तान को चीन एक बार फिर 1.3 अरब डॉलर का कर्ज दे रहा है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने इसकी जानकारी दी। डार ने कहा- इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना (ICBC) ने ये लोन अप्रूव किया है, जिससे पाकिस्तान को अपने घटते विदेशी मुद्रा भंडार को फिर से बढ़ाने में मदद मिलेगी। ये पैसे 3 किश्तों में दिए जाएंगे। इसमें से 0.5 अरब डॉर की पहली किश्त पाकिस्तान के सेंट्रल बैंक में आ चुकी है। डार ने कहा- हम न कभी कंगाल हुए हैं और न होंगे। हमने चीन का कर्ज चुकाने के लिए उन्हें 1.3 अरब डॉलर लौटाए थे। चीन हमारी आर्थिक स्थिति को देखते हुए ये पैसे हमें वापस दे रहा है। पाकिस्तान के सेंट्रल बैंक में सिर्फ 3 हफ्ते के इम्पोर्ट के लिए ही विदेशी मुद्रा भंडार बचा है। इससे पहले भी चीन विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने के लिए हमें 0.7 अरब डॉलर का कर्ज दे चुका है।

**पाकिस्तान को 5 अरब डॉलर की जरूरत**



डार ने बताया कि पाकिस्तान को जून में खत्म होने वाले वित्त वर्ष में अपने फाइनेंशियल गैप को खत्म करने के लिए 5 अरब डॉलर की विदेशी फंडिंग की जरूरत है। IMF के साथ डील साइन होने के बाद ही उसे और फंडिंग मिल पाएगी। डार के मुताबिक ये डील अगले हफ्ते तक साइन होने की उम्मीद है।

**2019 में IMF के साथ साइन हुआ था बेलआउट पैकेज**

पाकिस्तान पिछले महीने की शुरुआत से ही IMF के साथ कर्ज को लेकर चर्चा कर रहा है। अगर दोनों के बीच में डील साइन होती है तो IMF पाकिस्तान के लिए 2019 में तय हुए 6.5 अरब डॉलर के बेलआउट के तहत करीब 1 अरब डॉलर की किश्त जारी करेगा।

दरअसल, 2019 में इमरान खान की सरकार के रहते IMF ने पाकिस्तान को बेलआउट पैकेज के तहत 6 बिलियन डॉलर से ज्यादा की मदद देने का वादा किया था। अब इसी वादे के तहत पाकिस्तान IMF से 1.1 बिलियन डॉलर की एक और किश्त मांग रहा है।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में राजनीतिक गहमागहमी तेज, विधानसभा चुनाव 30 अप्रैल को

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सबसे प्रभावी माने जाने वाले पंजाब प्रांत में विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान किए जाने का सभी राजनीतिक दलों ने स्वागत किया है। पाकिस्तान की राजनीति में पंजाब प्रांत के लोगों का वर्चस्व रहता है। ऐसे में राज्य के विधानसभा चुनावों का राष्ट्रीय स्तर पर खासा महत्व रहता है।

देर शाम पाकिस्तान के राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि पंजाब विधानसभा के चुनाव 30 अप्रैल को होंगे। उन्होंने यह घोषणा पाकिस्तान चुनाव आयोग के द्वारा राज्य में चुनाव कराए जाने की संभावित तारीखों का सुझाव देने के कुछ घंटे बाद की। चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति को पंजाब प्रांत विधानसभा के चुनाव कराने के लिए 30 अप्रैल और 7 मई की तारीख का सुझाव दिया था। राष्ट्रपति सचिवालय का कहना है कि विचार-विमर्श के बाद राष्ट्रपति डॉ. अल्वी ने 30 अप्रैल को चुनाव कराने की घोषणा की।

## ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन पर संसद को गुमराह करने के आरोप

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन पर संसद को कई बार गुमराह करने का आरोप लगा है। यह बात जॉनसन के आचरण की जांच कर रही समिति की रिपोर्ट में आई है। इस समिति ने कहा कि ऐसा हो सकता है कि जॉनसन ने हाउस ऑफ कॉमन्स को कई बार गुमराह किया हो।हाउस ऑफ कॉमन्स विशेषाधिकार समिति ने अपने निष्कर्षों का सार प्रकाशित किया है जिसमें जॉनसन को इसी महीने के अंत तक इसपर अपना बयान दर्ज कराने को कहा गया है ताकि इस बात पर अंतिम निष्कर्ष निकाला



जा सके कि क्या उन्होंने जानबूझकर संसद को गुमराह किया था।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल 10 डाउनिंग स्ट्रीट से पार्टीगेट घोटाले के कारण 58 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री ने पद से इस्तीफा दे दिया था। हाउस ऑफ कॉमन्स में बार-बार उन्होंने इस बात से इनकार किया था कि कोरोना लॉकडाउन के दौरान सरकारी आवास में नियम तोड़े गए हैं। ससंदीय समिति द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि मजबूत सबूत से बताते हैं कि जॉनसन जब सभाओं में होते थे, उस समय (कोविड) गाइडलाइंस का उल्लंघन होता था।

## नोबेल शांति पुरस्कार विजेता को दस साल कैद की सजा

**मिंस्क (बेलारूस)।** बेलारूस की एक अदालत ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता अलेस बेलियात्स्की को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। अलेस बेलारूस में मानवाधिकार के सबसे बड़े समर्थक माने जाते हैं। वे वर्ष 2022 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। अलेस और उनके वियासना मानवाधिकार केंद्र से जुड़े तीन पदाधिकारियों को सार्वजनिक व्यवस्था भंग करने और तस्करी में मदद का दोषी ठहराया गया है।

## जकार्ता के तेल डिपो में आग लगने से 17 की मौत

**जकार्ता (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के उत्तरी क्षेत्र में एक ईंधन भंडारण में आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 17 लोगों की जान चली गई। इस डिपो का संचालन सरकारी गैस कंपनी पर्टामिना करती है। यह डिपो तनाह मेराह में घनी आबादी वाले क्षेत्र में है और इंडोनेशिया की ईंधन जरूरतों का 25 प्रतिशत आपूर्ति करता है। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि कम से कम 180 दमकलकर्मी और 37 दमकल गाड़ियां आग बुझाने पहुंचीं। स्थानीय टीवी चैनलों के प्रसारण में सैकड़ों लोगों को जान बचाकर भागते दिखाया गया है। पर्टामिना के एरिया मैनेजर एको क्रिस्टियावान ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि भारी



बारिश के दौरान एक पाइपलाइन फटने से आग लगी।

अग्निशमन और बचाव विभाग के प्रमुख सतरियादी ने कहा है कि आवासीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को निकाल कर पास के एक गांव और एक मस्जिद में पहुंचाया जा रहा है। आग लगने के कारण कई विस्फोट हुए और लपटें तेजी से रिहायशी क्षेत्र में फैल गई। मौके का निरीक्षण करने पहुंचे सेना प्रमुख जनरल डुडुंग अब्दुरचमन ने कहा कि अब तक 17 लोगों की जान जा चुकी है। 42 लोग झुलसे हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## आर्थिक बदहाली के चलते वाघा बॉर्डर पर पाकिस्तानी परेड में कम हुए दर्शक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आर्थिक बदहाली के बीच सुरक्षा चिंताओं और सीमा पर तैनात सेना के जोश को भी मंद कर दिया है। हालात यह है कि वाघा बॉर्डर पर होने वाली परेड में दर्शकों की संख्या लगातार घटती जा रही है। भारत की तुलना में पाकिस्तान की परेड में शामिल होने वालों की संख्या कम होती जा रही है।

कोरोना महामारी के चलते सीमा पर पाकिस्तानियों की भीड़ कम हो गई थी। अब सब कुछ सामान्य होने के बावजूद वाघा बॉर्डर पर जोश नहीं लौटा है। वाघा बॉर्डर पर भीड़ में कमी के पीछे सामाजिक-आर्थिक कारक सबसे बड़े कारण हैं। विश्लेषकों का मानना है कि मुद्रास्फीति इसका सबसे प्रमुख कारण है। वे यह भी मानते हैं कि पाकिस्तान की युवा पीढ़ी को अब आक्रामक परेड में कोई दिलचस्पी नहीं है। वाघा-अटारी बॉर्डर दोनों देशों के पंजाब



के दो प्रमुख शहरों को जोड़ता है। यह बॉर्डर हर रोज होने वाले ध्वजारोहण समारोहों के लिए जाना जाता है। दोनों तरफ से सैनिक और बीएसएफ के जवान इस परेड में हिस्सा लेते हैं और सम्मानपूर्वक अपने-अपने देशों के झंडे नीचे उतारते हैं। अब तक इस परेड में शामिल होने के लिए बॉर्डर के दोनों ओर से हजारों नागरिक आते रहे हैं। यह परेड सैनिकों के जोश और दर्शकों के उत्साहवर्धन के लिए मशहूर है। भारत में जहां अभी भी लोग अपने सैनिकों का उत्साहवर्धन करने पहुंच रहे हैं, वहीं पाकिस्तान में ज्यादातर कुर्सियां खाली नजर आ रही हैं।

## बेल्जियम में 5 बच्चों को मारने वाली मां को इच्छा-मृत्यु:उनके कत्ल की तारीख को ही अपनी मौत के लिए चुना

**बेल्जियम।** बेल्जियम में अपने 5 बच्चों को मारने वाली मां को इच्छा मृत्यु दी गई है। जेनिवीव हरमिट नाम की महिला ने 16 साल पहले 28 फरवरी 2007 को किचन के चाकू से अपने एक बेटे और 4 बेटियों की गला रेत कर हत्या कर दी थी। इसके बाद उसने खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की थी। हालांकि तब वो जिंदा बच गई थी। हरमिट की साइकोलोजिस्ट ने बताया कि उसने अपने बच्चों के कत्ल की तारीख 28 फरवरी को ही खुद की इच्छा मृत्यु मांगी थी। इसके जरिए वो अपने बच्चों की हत्या करने पर पछतावा जाहिर करना चाहती थी। मौत के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। डेलीमेल की रिपोर्ट के मुताबिक हरमिट ने अपने बच्चों की हत्या करने के लिए सुपर मार्केट से चाकू चुराए थे। अपनी ट्रायल के दौरान उसने कोर्ट को बताया था कि वो अपने घर में बच्चों के साथ घुटन और फंसा हुआ महसूस करती थी। हरमिट ने अपने बयान में कहा था- मैनें अपने पति को एक बेटा दिया और फिर उसे मार भी दिया, मैनें अपनी गलती की वजह से अपने बच्चों को खोया है। उनके साथ ऐसा नहीं होना चाहिए था। 2007 में अपने बच्चों की हत्या के बाद 2008 में हरमिट को उम्रकैद की सजा दी गई थी। ट्रायल के दौरान सजा के खिलाफ उनके वकील ने दावा किया।

## यूएनएचआरसी में भारत ने बलूचिस्तान में लोगों को जबरन गायब करने का उठाया मामला

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर घेरते हुए बलूचिस्तान में पिछले एक दशक से लोगों को जबरन गायब करने का मुद्दा उठाया है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान के खुद के जांच आयोग को एक दशक में स्थानीय लोगों जबरन गायब करने की 8,463 शिकायतें मिली हैं। बलूच लोगों ने इस क्रूर नीति का खामियाजा भुगता है। छात्रों, (यूएनएचआरसी) का दुरुपयोग कर रहा है। भारतीय राजनयिक सीमा पुजानी ने कहा कि



पाकिस्तान की जनता अपने जीवन, आजीविका और आजादी के लिए संघर्ष रही है, लेकिन भारत के प्रति पाकिस्तान का आरोप गलत प्राथमिकताओं का संकेत है। मैं इसके नेतृत्व और अधिकारियों को सलाह दूंगी कि वे आधारहीन दुष्प्रचार के बजाय खुद की जनता के लाभ के लिए काम करने पर अपनी उर्जा केंद्रित करें।

इसके अलावा भारतीय राजनयिक पुजानी ने जम्मू-कश्मीर पर तुर्किये के प्रतिनिधि की टिप्पणियों की भी निंदा की और कहा कि हम भारत के आंतरिक मामले पर तुर्किये की टिप्पणियों पर खेद जताते हैं और उसे सलाह देते हैं कि वह हमारे आंतरिक मामलों पर अवांछित टिप्पणी करने से बचे। उन्होंने कहा, जहां तक ओआईसी के बयान का संबध है, हम केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारे में अनुचित संदर्भों को खारिज करते हैं। तथ्य यह है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का हिस्सा रहे हैं और हमेशा रहेंगे। पाकिस्तान ने भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर रखा है। भारतीय राजनयिक ने आगे कहा, ओआईसी ने अपने सदस्य पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद छोड़ने और भारतीय क्षेत्र से अपना कब्जा हटाने का आह्वान करने के बजाय उसको भारत के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण प्रचार में शामिल होने के लिए अपने मंच का दुरुपयोग करने दिया है।

भारतीय प्रतिनिधि ने कहा, पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के लिए धार्मिक आजादी नहीं है। अहमदिया समुदाय को अपनी आस्था का पालन करने के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। भारत ने आगे कहा कि ईसाई समुदाय के साथ भी उतना ही बुरा व्यवहार है। राज्य की हिंसा और उदासीन न्यायपालिका के कारण अन्य समुदायों की कम उम्र की लड़कियों को इस्लाम में परिवर्तित किया जाता है। हिंदू और सिख समुदायों को अपने पूजा स्थलों पर लगातार हमले और उनकी कम उम्र की लड़कियों को जबरन धर्मांतरण जैसे मुद्दों का सामना करना पड़ता है। पुजानी ने पाकिस्तान को आतंकवाद फैलाने वाला देश बताया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## किंग चार्ल्स फ्रांस और जर्मनी की यात्रा पर जाएंगे

**लंदन।** ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय इस महीने के अंत में सम्राट के रूप में फ्रांस और जर्मनी की अपनी पहली विदेश यात्रा पर जाएंगे। यह घोषणा बकिंघम पैलेस ने की है। किंग चार्ल्स और क्वीन कंसोर्ट कैमिला पेरिस जाएंगे जहां उनकी मेजबानी फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन द्वारा की जाएगी। यहां से वे बर्लिन और हैमबर्ग जाएंगे। वहां जर्मन राष्ट्रपति फ्रैंक-वाल्टर स्टीनमीयर मेजबानी करेंगे। वह 26 से 29 मार्च तक फ्रांस में रहेंगे।

बर्लिन में किंग चार्ल्स बुंडेस्टाग को संबोधित करेंगे जिसके बाद वह जर्मन संसद में भाषण देने वाले पहले ब्रिटिश सम्राट बन जाएंगे। बकिंघम पैलेस ने कहा कि साझा इतिहास, संस्कृति और मूल्यों को चिन्हित



करते हुए फ्रांस और जर्मनी के साथ ब्रिटेन के संबंधों का जश्न मनाया जाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक, यह यात्रा फ्रांस के लिए सम्मान और दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों की प्रतीक है। बयान में जैव विविधता बचाने और जलवायु परिवर्तन से बचने में दोनों देशों के बीच सहयोग का भी जिक्र किया गया है।

चार्ल्स की यात्रा के तुरंत बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी फ्रांस की यात्रा करेंगे। वह 2018 के बाद पहली बार आयोजित होने वाले फ्रेंको-ब्रिटिश शिखर सम्मेलन के दौरान पेरिस में मैक्रान से मुलाकात करेंगे।

उल्लेखनीय है कि 2018 के बाद ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से बाहर निकलने संबंधी वार्ताओं के दौरान मैक्रॉन की कड़ी शर्तों से ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन खफा हो गए थे और ब्रिटेन की पत्रिकाओं में फ्रांस के प्रति कई आलोचनात्मक लेख छपे।

## अमेरिका ने यूक्रेन के लिए किया 400 मिलियन डॉलर की सैन्य मदद का एलान; ब्लिंकन ने रूस को घेरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन की मदद के लिए एक बार फिर हाथ बढ़ाया है। बाइडन प्रशासन की ओर से युद्ध के लिए 400 मिलियन डॉलर की सैन्य मदद का एलान किया गया है। नए सैन्य सहायता पैकेज में टैंक और बख्तरबंद वाहनों को एक जगह से दूसरे जगह ले जाने के लिए जरूरी अस्थायी पुलों सहित गोला-बारूद शामिल है। इससे पहले रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग के एक साल पूरा होने से ठीक पहले 20 फरवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कीव पहुंचकर सभी को चौंका दिया था। उन्होंने यूक्रेन पहुंचकर राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की थी। रूस ने यूक्रेन पर 24 फरवरी 2022 को हमला किया था। तब से यह पहली बार था, जब अमेरिकी राष्ट्रपति यूक्रेन पहुंचे थे। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा था कि यह मुलाकात-बातचीत हमें जीत के और करीब लाएगी। बाइडन के दौरे से पहले अमेरिका फिलहाल दूर से यूक्रेन को सैन्य मदद पहुंचाता रहा था। जो बाइडन ने कई मौकों पर एलान किया है कि वह यूक्रेन के साथ हर हाल में खड़े रहेंगे। इसके बाद यूक्रेन पहुंचकर बाइडन ने युद्धग्रस्त देश को और मदद देने का एलान किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि वह यूक्रेन को और भी ज्यादा और नए हथियार मुहैया कराएंगे। उन्होंने यूक्रेन की रक्षा के लिए एयर सर्विलांस रडार देने का एलान किया था। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि रूस को बेधड़क यूक्रेन पर हमला करने देना संभावित आक्रमणकारियों को भी ऐसी छूट देगा। ब्लिंकन ने भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों की मौजूदगी में 'रायसीना डायलॉग' के सत्र में परिचर्चा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि रूस, यूक्रेन में जो कुछ कर रहा है, अगर हम उसे बे-रोकटोक होने देते हैं, तो यह संभावित आक्रमणकर्ताओं के लिए एक संदेश होगा कि वे भी ऐसा कर सकते हैं।''